दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



गर्ल गैंग के साथ मनाई........ | कमजोरों की मदद के लिए ........

वर्ष : 10 | अंक : 324 | लखनऊ, 07 नवम्बर , गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## एक हैं तो सेफ हैं... बंटोगे तो कटोगे के बाद सीएम योगी का नया नारा

### महाराष्ट्र में एमवीए को बताया महाअनाड़ी गठबंधन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में चुनावी प्रचार के लिए पहुंचे थे। इस दौरान वाशिम विधान सभा क्षेत्र में उन्होंने भाजपा के लिए प्रचार किया। योगी ने विपक्ष पर जमकर वार किया। योगी ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा की विजय गाथा लिखने जा रहा है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ये 'महाअघाड़ी' नहीं, 'महाअनाड़ी' गठबंधन है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस ने कभी ईमानदारी से 'भारत' और 'भारतीयता' के बारे में सोचा?

योगी ने साफ तौर पर कहा कि सत्ताएं तो आएंगी-जाएंगी। लेकिन हमारा 'भारत' रहना चाहिए और 'भारत' दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि बंटिए मत ! क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे। एक हैं तो नेक हैं, एक हैं तो सेफ हैं। वहीं, अमरावती में योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने उस कालखंड में जब औरंगजेब जैसा बर्बर आक्रांता भारत में शासन कर रहा था, तब उन्होंने उसकी सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे याद है कि जब 2017 में मुझे उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया तब मैं आगरा गया था। आगरा में जब मैं निरीक्षण कर रहा था तो मुझे बताया गया कि वहां एक मुगल संग्राहलय बन रहा है। मैंने कहा कि मुगल का भारत और आगरा से क्या संबंध है? हमने कहा भारत का संबंध छत्रपति शिवाजी महाराज से है। इस म्यूज़ियम का नाम बदलो। यह संग्राहलय मराठा और छत्रपति शिवाजी महाराज का प्रतीक बनना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सब मिलकर चलें और देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। ध्यान रखें, बात सबकी सुननी है, लेकिन बंटना नहीं है।

## आतंकवाद विरोधी सम्मेलन को संबोधित करेंगे अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में 'आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), गृह मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर इसे जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले कुछ वर्षों में वार्षिक सम्मेलन परिचालन बलों के लिए एक बैठक बिंदु के रूप में उभरा है; राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार-विमर्श के लिए आतंकवाद से निपटने में लगे तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञ और एजेंसियां। सम्मेलन का मुख्य फोकस 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना और भविष्य की नीति निर्माण के लिए ठोस इनपुट प्रस्तुत करना है।

## महाविकास अघाड़ी का घोषणापत्र जारी, 5 गारंटी का ऐलान

### महिला, युवा और किसानों पर जोर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। एमवीए ने इसके जरिए लोगों को पांच गारंटियां दी हैं। पांच गारंटियों के तहत वादा किया गया है कि राज्य में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी तो जातिगत जनगणना कराए जाएंगे। 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही महिलाओं को भी साधने की कोशिश हुई है। महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना का ऐलान किया गया है। इसके तहत महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये मिलेंगे। एमवीए ने यह भी वादा किया है कि 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा।

एमवीए का जोर युवाओं और किसानों पर भी है। एमवीए ने कहा कि उसकी सरकार बनने के बाद राज्य के युवाओं को 24 हजार रुपये सालना देंगे। किसानों को 3 लाख रुपये तक की ऋण माफी और नियमित ऋण भुगतान पर 50,000 रुपये का प्रोत्साहन की भी बात कही गई है। इस दौरान राहुल गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, शिवसेना युबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और एनसीपी नेता शरद पवार मौजूद रहे।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ **BJP-RSS** है। दूसरी तरफ **INDIA** गठबंधन है। एक तरफ आंबेडकर जी का संविधान है, जिसमें एकता, समानता, मोहब्बत और सम्मान है। दूसरी तरफ **BJP-RSS** के लोग हैं, जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। लेकिन ये बात वो सामने से नहीं कहते हैं, क्योंकि खुलकर बोलेंगे तो पूरा देश उनके सामने खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार चुनाव आयोग पर दबाव डालती है और **CBI, ED, IT** का इस्तेमाल कर सरकार गिराती है। पिछली महाराष्ट्र की सरकार आपकी सरकार थी, लेकिन उस सरकार को मोदी जी ने चोरी कर हटा दिया।

### मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

## भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

### राजस्थान में कराई गई आपात लैंडिंग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय वायु सेना (आईएफ) के एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई और उसे राजस्थान के नागौर के मार्टा इलाके में पुलिस की आपात लैंडिंग करनी पड़ी। हेलिकॉप्टर जसनगर में खेतों में उतरा। पुलिस ने कहा कि किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर जोधपुर से जयपुर जा रहे थे, तभी एक पायलट को कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके कारण हेलिकॉप्टर को उतारना पड़ा। मेड़ता डीएसपी रामकरण मलिंडा ने कहा कि समस्या को ठीक करने के बाद हेलीकॉप्टर फिर से उड़ान भर गया।

भारतीय वायुसेना की एक विशेषज्ञ टीम ने मौके पर पहुंचकर हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी को ठीक किया था। इससे पहले वायुसेना का मिग-29 लड़ाकू विमान सोमवार को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी की वजह से उत्तर प्रदेश के आगरा के पास सुनेगा गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले उसका पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा था। इस दुर्घटना में जमीन पर भी कोई हताहत नहीं हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, वायुसेना की सुरक्षा ऑडिट टीम ने दुर्घटनास्थल के दो किलोमीटर तक के दायरे में गहन जांच की।

## हवा से उड़- उड़कर सड़क पर गिरी लाशें...

### हरदोई में ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर, 10 लोगों की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



हरदोई , यूपी के हरदोई में ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हादसा हो गया। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 5 गंभीर रुप से घायल है। मृतकों में 6 महिलाएं और 2 बच्चे, एक लड़की और एक पुरुष शामिल हैं। सभी लोग एक ऑटो रिक्शा में सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो रिक्शा उछलकर दूर जा गिरा। रिक्शा पलटते ही अंदर बैठी सवारियां बाहर गिर गईं। सड़क पर लाशें बिखरी पड़ी थीं। हादसा बुधवार दोपहर बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास हुआ। पुलिस का कहना है कि ऑटो बिलग्राम की ओर जा रहा था। अचानक वह अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। इसी दौरान सामने से पूरी रफ्तार से आ रहे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी और यात्रियों को कुचल दिया। घटना के बाद ट्रक चालक भाग गया।

जारी की गई जानकारी के अनुसार, यह घटना हरदोई के रोशनपुर गांव में हुई, जहां अधिकारियों ने बताया कि अचानक हुई टक्कर में छह महिलाओं, तीन बच्चों और एक पुरुष सहित दस यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना दोपहर करीब 12:30 बजे मिली। बचाव कार्य करने के लिए अधिकारियों की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। घटना में कुल चार लोग घायल हुए, जिनमें से सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा, ऑटो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में छह महिलाओं सहित दस लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। वे खतरे से बाहर हैं, लेकिन उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

पुलिस ने कहा कि मृतकों में मां और बेटी भी शामिल हैं - मृतकों में से अब तक केवल 7 की पहचान की जा सकी है। इनके नाम हैं-माज गांव निवासी माधुरी देवी (40) और पटियन पूर्वी गांव निवासी सुनीता, नीलम (60) निवासी इटौली बिलग्राम, सत्यम कुशवाह पटेल नगर पूर्वी माधोगंज, राधा-इटौली बिलग्राम, सुनीता की बेटी आशी (8) ,मृतका राधा देवी और उसकी मौसी है। उसका नाम ज्ञात नहीं है।

### संक्षिप्त समाचार

## जातिवाद को खत्म कर समरसता को बढ़ावा देना है : संघ प्रमुख भागवत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं संघ प्रमुख ने समरसता, सामाजिक कर्तव्य, स्वालंबन, कुटुंब प्रमोदन के साथ पर्यावरण संरक्षण पर लोगों के बीच जाकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने संघ कार्यकताओं को जातिवाद समाप्त कर लोगों में समरसता बढ़ाने के लिए काम करने को कहा। संघ प्रमुख ने भगवान श्री राम की कर्मस्थली चित्रकूट पहुंचे थे जहां मोहन भागवत महाकौशल प्रांत के संघ चालकों के साथ वर्ग सम्मेलन में पंच तत्व पर काम करने पर मंथन कर रहे थे। दो दिवसीय प्रवास पर 05 नवंबर को प्रातःकाल धर्मनगरी पहुंचे संघ प्रमुख, दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ परिसर स्थित लोहिया सभागार में महाकौशल प्रांत के वर्ग सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में महाकौशल प्रांत के प्रांत, जिला, नगर, खंड संघ चालक मौजूद थे। सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों के बीच जाकर किस तरह पंच तत्व पर काम करना है, उस पर मंथन करने के साथ उन्हें राह दिखाई। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच सामाजिक सद्भाव बनाने के लिए काम करना है, ताकि समाज में विघटन न होने पाए। जातिवाद को समाप्त कर समरसता को बढ़ावा देना है। संघ प्रमुख ने कहा कि लोगों के बीच बैठकर काम करें, ताकि एक-दूसरे से दूरियां खत्म हो सकें। उन्होंने कहाकि पुरानी परंपराओं को खत्म करना, सभी मानव हैं इसलिए ऊंच-नीच के भाव को समाप्त करने हैं। उन्होंने कहा कि संघ कार्यकर्ता एक-दूसरे के सुख-दुख में बराबर के सहभागी बने और सहयोग करे, वह जहां रह रहे हैं वहां सामंजस्य बनाने का काम करें। संघ प्रमुख ने विदेशी वस्तुओं का परित्याग करने पर जोर दिया।

## बांटने-काटने की भाषणबाजी से फुर्सत मिले तो डीएपी बंटवा दीजिए : अखिलेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। गोरखपुर में डीएपी की किल्लत को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि आपके गृह जनपद समेत पूरे यूपी के किसान आपसे कह रहे हैं कि अगर बांटने-काटने (भाषणबाजी) और पालिटिकल पर्यटन से फुर्सत मिल जाए तो पूरे प्रदेश में डीएपी बंटवा दीजिए ,बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा।

### किसान को ब्लैक में खाद खरीदने के लिए किया जा रहा विवश

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों के गोदाम खाली हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। किसान को ब्लैक में खाद खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। बीज के साथ कुछ दवाओं के पैकेट लेने का भी दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की मार किसानों पर पड़ने से किसान और ज्यादा लाचार व गरीब होता जा रहा है।

### 'भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया'

भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। मुख्यमंत्री के गृह जनपद में भी किसानों में हाहाकार मचा है। भाजपा ने किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था, लेकिन उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। किसानों पर थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौत हो गई, फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। जबकि नए सत्र का गन्ना इंतजार कर रहा है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं।

### अब यूपी में ही तय होगा डीजीपी

उत्तर प्रदेश में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के चयन को लेकर कैबिनेट के फैसले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सवाल उठाया कि क्या व्यवस्था बनाने वाले खुद दो साल रहेंगे या नहीं।

बता दें, यूपी सरकार ने अपने स्तर से डीजीपी के चयन का रास्ता साफ कर लिया है। डीजीपी के चयन के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में मुख्य सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से एक सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या उनकी तरफ से नामित अधिकारी के अलावा अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव गृह व पूर्व डीजीपी शामिल होंगे।


## नियुक्ति के स्रोत के आधार पर न्यायाधीशों के साथ भेदभाव नहीं हो सकता : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जिला न्यायपालिका से उच्च न्यायालय में भर्ती किये गये न्यायाधीश बार से पदोन्नत न्यायाधीशों के समान पेंशन सहित सभी लाभ पाने के हकदार होंगे। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जिन स्त्रोतों से भी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई हो, उनके उनके पद पर कोई प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि एक बार नियुक्त होने के बाद वे बिना किसी भेदभाव के एक समरूप वर्ग का हिस्सा होते हैं। इसमें कहा गया है कि न्यायाधीशों के बीच भेद करना मूलतः एकरूपता की भावना के विरुद्ध होगा। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय संवैधानिक संस्थाएं हैं और उनकी संवैधानिक स्थिति को अनुच्छेद 216 द्वारा मान्यता प्राप्त है। अनुच्छेद 216 इस बात पर कोई भेद नहीं करता कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की भर्ती कैसे की जाती है। एक बार उच्च न्यायालय में नियुक्त होने के बाद प्रत्येक न्यायाधीश का दर्जा बराबर होता है...एक बार नियुक्त होने के बाद वेतन या अन्य लाभों को लेकर न्यायाधीशों के बीच कोई भेद नहीं किया जा सकता है।

## झारखंड आदिवासियों का है और वे ही इस पर शासन करेंगेः सोरेन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



छोटानागरा , झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कहा कि यह राज्य आदिवासियों का है और वे (आदिवासी) ही इस पर शासन करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए दावा किया कि राज्य में कोई भी हिंदू खतरे में नहीं है, लेकिन विपक्षी पार्टी केवल अपने हिंदू-मुस्लिम विमर्श के जरिए यहां तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हमने झारखंड को अलग राज्य बनाने के लिए लड़ाई लड़ी और हम अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए भी लड़ेंगे। झारखंड आदिवासियों का है, इसलिए यहां आदिवासी ही राज करेंगे। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, झारखंड की कुल जनसंख्या 32,988,134 है। इनमें से 26.21 प्रतिशत (8,645,042) आदिवासी हैं। रघुबर दास को छोड़कर, 2000 में बने राज्य के सभी मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय से थे। सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने जनता के सहयोग से अच्छा काम किया है और भविष्य में भी ऐसा ही करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया, सीबीआई और ईडी के साथ मिलकर भाजपा मुझे डरा रही है और झूठे आरोपों के लिए मुझे जेल भी भेजा। लेकिन मैं झारखंड की धरती का बेटा हूं। मैं न तो डरता हूं और न ही कभी झुकता हूं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में 31 जनवरी को सोरेन को गिरफ्तार किया था, हालांकि उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया था। झारखंड की 81 विधानसभा सीट के लिए दो चरण में 13 नवंबर और 20 नवंबर को चुनाव होंगे, जबकि परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## संवैधानिक मूल्यों को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी : प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



वायनाड (केरल) । केरल की वायनाड लोकसभा सीट से यूडीएफ गठबंधन की प्रत्याशी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेता नरेन्द्र मोदी संविधान के समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रियंका ने दावा किया कि भाजपा के पिछले 10 साल के शासन में देश में विभाजन की राजनीति देखने को मिली है जहां सत्तारूढ़ दल ने सत्ता में बने रहने के लिए जनता का ध्यान उनकी वास्तविक समस्याओं से हटाने का प्रयास किया।

मलप्पुरम जिले की वानदूर विधानसभा में चेरूकोडे में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि जब ऐसे लोग राजनीति में शक्तिशाली हो जाते हैं तो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाली समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं रहता। कांग्रेस नेता ने वायनाड लोकसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए अपने पांच दिवसीय प्रचार अभियान के चौथे दिन आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में देश में किसानों या मध्यम एवं लघु उद्यमों के लिए कोई समर्थन प्रणाली नहीं है। उन्होंने कहा कि छोटे और मझोले उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी होते हैं और बड़ी संख्या में रोजगार प्रदान करते हैं, लेकिन उन्हें किसानों की तरह ही समर्थन की जरूरत है।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि वायनाड में मसालों जैसे उच्च गुणवत्ता के कृषि उत्पादों की पैदावार होती है, लेकिन किसानों को खेती में कोई भविष्य नजर नहीं आता और छात्र एवं अन्य लोग बेहतर रोजगार अवसरों तथा उच्च शिक्षा की तलाश में विदेश चले जाते हैं। उन्होंने पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे विषय भी उठाए। प्रियंका गांधी ने कहा कि वह एक योद्धा हैं और अगर उन्हें मौका मिला तो वह वायनाड के लोगों के लिए संसद और हर दूसरे मंच पर लड़ेंगी ताकि उनके मुद्दों का समाधान निकल सके। उन्होंने कहा, मैं पीछे नहीं हटूंगी। मैं आपके लिए लड़ूंगी। मैं आपको निराश नहीं करूंगी। अब हम एक परिवार हैं। प्रियंका चेरूकोडे के अलावा वनदूर विधानसभा क्षेत्र के थुवूर और कालिकावू कस्बों में और निलाम्बुर विधानसभा के पूकोट्टूमपदम में भी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी। अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार चुनाव लड़ रहीं प्रियंका गांधी वाद्रा सात नवंबर तक केरल में रहेंगी। वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा। वायनाड सीट के लिए उपचुनाव इसलिए जरूरी हो गया था क्योंकि वायनाड और रायबरेली दोनों जगहों से लोकसभा चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया।

## सीए के घर से बदमाशों ने किया लाखों का माल पार

### भइया द्वीज पर पैतृक गाँव गया था परिवार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने निजी चार्टड अकाउंटेंट के बंद घर में धावा बोलते हुए लाखों का माल पार कर दिया। मंगलवार रात मकान मालिक को जानकारी हुई तो उन्होंने आशियाना में मुकदमा दर्ज कराया।मूल रूप से बंथरा के रहने वाले श्याम बाबू सिंह पत्नी वंदिता के साथ आशियाना के सेक्टर एच में रहते हैं और निजी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। बीते रविवार को वह भइया द्वीज के त्योहार पर अपने पैतृक गांव गए थे और मंगलवार शाम उनकी पत्नी घर पहुँची तो बाहर के दरवाजे का लॉक टूटा हुआ था और अलमारी में रखे एक लाख 35 हजार रुपए, सात लाख के जेवरात व डेढ़ किलो चाँदी गायब थी।पत्नी ने फोन कर श्याम बाबू को जानकारी दी फिर श्याम बाबू ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# बिजली के बिल की वसूली में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

## पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने अफसरों को चेताया

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने मंगलवार को सभी डिस्कॉम के कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वह बिजली बिल की वसूली में तेजी लाएं।जिन क्षेत्रों में बिजली बिल वसूली में तेजी नहीं आई है, वहां के डिस्काम के प्रबंध निदेशक को संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली की चोरी पर कड़ाई से अंकुश लगाकर विद्युत राजस्व को बढ़ाया जाए। डॉ. गोयल ने कहा कि मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी लेते हुए बिजली बिल की वसूली में तेजी लाएं। पश्चिमांचल डिस्काम के कार्यों पर असंतोष जताते हुए अध्यक्ष ने मुजफ्फरनगर व बुलंदशहर के मुख्य अभियंताओं को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। यही नहीं बैठक में उन्होंने दक्षिणांचल, केस्को व पूर्वांचल डिस्काम से भी कार्य में और सुधार लाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली चोरी रोककर लाइन हानियां कम करें और आपूर्ति की जा रही बिजली के अनुसार शत-प्रतिशत बिल की वसूली करें। डॉ. गोयल ने अलीगढ़ के मुख्य अभियंता व राठ के अधीक्षण अभियंता से पूछताछ की और अपने क्षेत्र में व्यवस्था सुधारने को कहा।

### लापरवाह अफसरों के खिलाफ होगी निलंबन की कार्रवाई

अध्यक्ष ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 12 नवंबर तक बिजनेस प्लान संबंधी एग्रीमेंट के काम को पूरा नहीं किया गया तो लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। डिस्काम के अधिकारी वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

### छठ पूजा पर मिले निर्बाध बिजली

पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहाकि पर्व के समाप्त होने तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### आधे शहर की आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

जागरण संवाददाता, बलरामपुर। बिजली उपकेंद्र बलरामपुर से निकलने वाले 33 केवी भगवतीगंज लाइन के भूमिगत केबल की अवशेष मरम्मत छह अक्टूबर को प्रस्तावित है। इस कारण उपकेंद्र भगवतीगंज से संबंधित क्षेत्र में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता बालकृष्ण ने बताया कि फुलवरिया बाईपास चौराहा, चीनी मिल, भगवतीगंज, धर्मपुर, नहरबालागंज बलुहा, गर्ल्स कालेज, देवीदयाल तिराहा, टेढ़ी बाजार, गदुरहवा, पानीटंकी, निमकौनी, अंधियारीबाग, गोबिंदबाग, नौवाबाग, संतोषी माता मंदिर, नौशहरा, अलीजानपुरवा, रानी धर्मशाला, नगर कोतवाली, चिकनी मुहल्ला सहित समस्त संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति उपरोक्त समय तक बंद रहेगी। मंगलवार को कार्य किया गया था लेकिन, पूरा काम नहीं हो पाया था। इस लिए बुधवार को भी आपूर्ति बंद की जाएगी।

## बजट की कमी नहीं, परियोजनाओं की गुणवत्ता करें सुनिश्चित



सीएम योगी ने तय की मंत्रियों की जवाबदेही

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों को विभागीय स्तर पर बजट व्यय की समीक्षा का निर्देश दिया है। साफ कहा है कि जिन विभागों में अब तक 55 प्रतिशत से कम खर्च हुआ है, वहां संबंधित मंत्री खुद विभागीय स्थिति की समीक्षा करें। मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने चालू वित्तीय वर्ष के बजट आवंटन और व्यय की समीक्षा के दौरान जनहित के विकास कार्यों में तेजी लाने, परियोजनाओं की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित के निर्देश दिए। कहा, जनहित के लिए बजट की कमी नहीं है, परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें।

### केंद्रांश के अभाव में परियोजना बाधित न हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा हमें हर संभव सहायता मिल रही है।केंद्र से सामंजस्य स्थापित कर अवशेष धनराशि प्राप्त करें।विभागीय मंत्री व अधिकारी भारत सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों से संवाद करें।

# बहराइच हिंसा ने झकझोरा... तो नूरा ने त्याग दिया मुस्लिम धर्म

## निशा बनकर हिंदू से रचाई शादी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अंबेडकरनगर से एक ऐसी घटना सामने आई है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी है।यहां की निवासी नूरा ने मुस्लिम धर्म को त्याग दिया है।उन्होंने निशा बनकर हिंदू रीति रिवाज से शादी रचाई।इसके पीछे नूरा का जो तर्क है, इस पर समाज में चर्चा हो रही है। निशा का कहना है कि बहराइच हिंसा ने उनके जीवन में एक गहरा दुख पैदा किया।हिंसा से आहत होकर उन्होंने सनातन धर्म अपना लिया। उन्होंने न सिर्फ सनातन धर्म अपनाया। बल्कि हिंदू युवक अखिलेश से हिंदू रीति रिवाज से मंदिर में विवाह भी कर लिया। अखिलेश जिले के ही मछरेहटा गांव के रहने वाले हैं।इस शादी के लिए निशा और अखिलेश ने एक हिंदू संगठन के कार्यकताओं की मदद ली। ताकि, उनके विवाह में किसी तरह का व्यवधान न पैदा हो।विवाह के दौरान संगठन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यह थी बहराइच हिंसा

जिस बहराइच हिंसा ने नूरा के मन को इतना व्यथित किया कि उन्होंने अपना धर्म बदल लिया।आइए उसके बारे में जानते हैं।दरअसल, बहराइच में नवरात्रि पर्व में धार्मिक यात्रा के दौरान महज झंडा बदलने की वजह से एक हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम के दौरान उसके शरीर पर गोली के 36 छर्रे मिले थे। इस घटना ने नूरा को अंदर तक झकझोर दिया। अब उन्होंने मुस्लिम पंथ को ही त्याग दिया है।

### निशा को घरवालों से था भय

सनातन धर्म में आने का मन बनाया, तो उन्हें घरवालों से भय सतातता था।इसलिए, उन्होंने राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के संपर्क किया। उन्होंने सीतापुर जिले के एक मंदिर प्रांगण में वैदिक परंपरा के अनुसार घर वापसी करके अपना नाम नूरा से बदलकर निशा रखा लिया।

### अखिलेश ने रखा शादी का प्रस्ताव

इसके बाद जिले के मछरेहटा निवासी अखिलेश ने निशा से विवाह का प्रस्ताव रखा।इसे निशा ने स्वीकार कर लिया। परंतु अखिलेश को डर सता रहा था कि कहीं निशा उर्फ नूरा के घरवाले किसी घटना को अंजाम न दें। इस पर हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने उन्हें सुरक्षित रखने का वचन दिया।

### सुरक्षा का दिलाया भरोसा

इसके बाद निशा और अखिलेश ने रेलवे ट्रैक के पास स्थित काली माता मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से विवाह कर लिया। मौजूद लोगों ने उन्हें सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया। साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिलाया।इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू, प्रदीप, निर्भय, विवेक व शुभम आदि मौजूद रहे।

## माफिया ओम प्रकाश श्रीवास्तव बबलू की दयायाचिका नामंजूर हुई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बरेली जेल में बंद है बबलू, कस्टम अधिकारी की हत्या में हुआ है आजीवन कारावास समय पूर्व रिहाई के लिए दयायाचिका दायर की थी बबलू नेप्रयागराज में अपर कस्टम कलक्टर की हत्या के आरोप में बरेली जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू की समय पूर्व रिहाई की दया याचिका राज्यपाल ने बुधवार को खारिज कर दी है

59वर्ष का बबलू 31 साल तीन महीने तीन दिन की सजा काट चुका है। लखनऊ के निरालानगर निवासी बबलू की दया याचिका डीएम और डीसीपी लखनऊ ने समय पूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की थी। इस आधार पर ही राज्यपाल ने भी याचिका अस्वीकार कर दी।

निरालानगर, लाल कालोनी निवासी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रयागराज (तब इलाहाबाद) में अपने साथियों के साथ वर्ष 1993 में 24 मार्च की शाम कस्टम कलक्टर एलडी अरोड़ा की उनके घर के पास हत्या कर दी थी। इसमें बबलू पर टाडा भी लगा था। कानपुर नगर स्थित टाडा कोर्ट ने 30 सितम्बर, 2008 को आजीवन कारावास की सजा बबलू को सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी 25 जनवरी, 2011 को बबलू की सजा को यथावत रखा था।बन्दी बबलू ने 10 फरवरी, 2022 तक 26 वर्ष नौ माह, 20 दिन की अपरिहार सजा और 31 वर्ष, तीन माह, तीन दिन की सपरिहार सजा काट ली है। लखनऊ के डीएम और डीसीपी ने भविष्य में इसके द्वारा अपराध करने से इंकार नहीं किये जाने की आख्या लिखते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति

नहीं की।इस पर ही राज्यपाल ने समय पूर्व रिहाई की याचिका अस्वीकार कर दी है।इस सम्बन्ध में संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं के डीजी को इससे अवगत करा दिया है।इसमें कहा गया है कि बबलू को उसकी याचिका अस्वीकार करने की जानकारी दे दी जाए।

# 102 वर्षीय समाजसेवी बुजुर्ग का निधन, गांव में गहरा शोक

अमन लेखनी समाचार



मृतक जगदीश्वर सिंह – फोटो

बंथरा।सरोजनीनगर विधानसभा के ग्राम गढ़ी चुनौटी में 102 वर्षीय समाजसेवी का निधन हो गया। इस खबर को सुनते ही गांव के लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।इस दुख की घड़ी में परिवार के लोगों को ढांढस बंधाने के लिए काफी भीड़ उमड़ी। लोगों में इस बात की खासी चर्चा थी कि बहुत ही नेक और ईमानदार व्यक्ति थे जिन्होंने अपने जीवन काल में राजनीतिक व्यक्तित्व का निर्वाह करते हुए भी लोगों के बीच अपनी अलग छवि बनाई। आम जनमानस के बीच बहुत ही प्रिय रहे। लोगों की मदद के लिए उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ईमानदारी व कर्मठता के साथ अपने दायित्व का निर्वाह किया।

सन 1922 में विधानसभा सरोजनी नगर के गढ़ी चुनौटी गांव में अर्जुन सिंह के घर इनका जन्म हुआ।माता-पिता ने इनका नाम जगदीश्वर सिंह रखा। परिवार कृषि कार्यों से जुड़ा रहा इसके चलते इन्होंने भी प्रारंभिक शिक्षा अर्जित कर कृषि कार्यों में लग गए। कृषि कार्यों की अतिरिक्त गांव के राज पंचायती कार्यों में भी इन्होंने अपना योगदान दिया।उस दरमियांन जब ग्राम पंचायत के चुने हुए पदाधिकारी अपने आप में एक महत्वपूर्ण गरिमा के पद पर कार्यरत रहते हुए अपने आप को बड़ा ही गौरवान्वित महसूस करते थे उस समय इन्होंने बड़े ही सहजता सरलता के साथ पंच- प्रधान के पद पर आसीन होते हुए लोगों की मदद की।इस स्वभाव के चलते लोगों के बीच काफी प्रिय रहे। वही आज 6 नवंबर को उनका लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया।जिससे समाज को काफी क्षति हुई है

### अपने चाचा से सीखी समाजसेवा

सन 1977 में स्वर्गीय छेदा सिंह चौहान पहली बार सरोजनी नगर विधानसभा से विधायक चुने गए। इसके पहले भी चौहान ने ब्लॉक प्रमुख जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर जनता की अटूट सेवा की। लगातार जनता के बीच उनके पैर जमते जा रहे थे जिसको देखकर लोगों के बीच खलबली मच गई।कुछ ही दिनो बाद षड्यंत्रकारियो ने प्रज्वलित हो रहे इस चिराग को सदा सदा के लिए बुझा दिया। जिससे पूरे समाज को आघात हुआ। वहीं जगदीश्वर सिंह अपने चाचा स्व छेदा सिंह चौहान से समाज सेवा सीखी, आगे बढ़े और आजीवन लोगों के बीच रहकर उनकी मदद की। पारिवारिक समस्याओं के चलते राजनीति में बहुत कुछ ना कर सके लेकिन ईमानदारी पूर्वक अपना जीवन व्यतीत किया।उनकी इस ईमानदारी से समाज के लोग काफी प्रभावित हैं। चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

## वापसी के लिए भी ट्रेनों में मारामारी शुरू, शौचालय के आसपास फर्श पर बैठे यात्री; अब तो बस एक ही सहारा!

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।छठ पर्व शुरू हो गया है, लेकिन ट्रेनों में भीड़भाड़ अब भी काफी अधिक है। आलम यह है कि यात्रियों को आरक्षित सीटें मिल नहीं पा रही हैं और यही वजह है कि उन्हें जनरल बोगी में जैसे-तैसे यात्रा करनी पड़ रही है। वहीं, अब छठ के बाद वापसी के लिए भी सीटों की मारामारी शुरू हो गई है।

अगर भीड़ की बात की जाए तो ज्यादातर ट्रेनों के आरक्षित कोचों में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों का ही कब्जा जमाए हैं। स्लीपर बोगियों में आरक्षण कराने वालों को ही सबसे ज्यादा समस्या भी झेलनी पड़ रही है। इसकी शिकायतें भी लगातार आ रही हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।कुछ ट्रेनों की बोगियों में तो लोग शौचालय के आसपास भी फर्श भी बैठे दिख रहे हैं।

उधर, छठ के बाद वापसी के लिए भी लोग सीटों को आरक्षित कराने के प्रयास में जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही।तेलीबाग के शिवकुमार बताते हैं कि समय पर टिकट नहीं करा पाए और अब मुंबई जाने वाली ट्रेनों में टिकट ही नहीं बन पा रहे।वह कहते हैं कि अब तत्काल का ही सहारा रह गया है।

# एम्बुलेंस चालक की पिटाई मामले में एक आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

### फरार अन्य अज्ञात आरोपियो की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी पुलिस टीमें

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अहमदखेड़ा गांव में गर्भवती महिला को एम्बुलेंस से सीएचसी ले जा रहे चालक व ईएमटी की पिटाई मामले के एक आरोपी को पुलिस ने बुद्धवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज भेज दिया गया ।वही फरार अन्य आरोपियो तलाश में पुलिस टीमें जुटी है ।ज्ञात हो बीते मगंलवार की रात 102एम्बुलेंस पर डिलीवरी केस लाने की सूचना के बाद चालक हंसराज निवासी पूरेवीर बाबा मजरा रमई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ईएमटी देवेन्द्र यादव के साथ मोहनलालगंज के अहमदखेड़ा गांव गया था जहां से गर्भवती सुमन व उसके परिजनो को एम्बुलेंस में बिठाकर वापस लौट रहा था तभी गांव के बाहर छत्रपाल के दरवाजे खड़ी बाइक में एम्बुलेंस से मामूली टक्कर लग गयी थी,जिसके बाद छत्रपाल ने विरोध जताया तो चालक हंसराज ने उसे एक थप्पड़ जड़ दिया था जिसके बाद नाराज परिजनो व ग्रामीणो ने चालक व ईएमटी को एम्बुलेंस से बाहर खीचकर बुरी तरह पिटाई के बाद ईट से वार कर चालक का सिर फोड़कर लहूलुहान कर दिया था ।एम्बुलेंस चालक से मारपीट की सूचना के बाद मौके पर सिसेंडी चौकी इंचार्ज पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग निकले थे,जिसके बाद दूसरी एम्बुलेंस मंगाकर गर्भवती महिला व घायल चालक समेत ईएमटी को इलाज के लिये सीएचसी भेजा था ।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पीड़ित चालक की तहरीर पर एक नामजद आरोपी समेत आधा दर्जन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी छत्रपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया ? ।वही फरार अज्ञात आरोपियो की पहचान कर पुलिस टीमो को गिरफ्तार के लिये लगाया गया है ।जल्द ही फरार अन्य आरोपियो को गिरफ्तार कर सलाखो के पीछे भेजा जायेगा।

### एम्बुलेंस चालक के थप्पड़ मारने के बाद हुयी थी मारपीट

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम द्दष्टया जांच में पता चला है बीते मगंलवार की रात अहमदखेड़ा गांव से गर्भवती को सीएचसी ले जा रही एम्बुलेंस ने छत्रपाल के घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी,जिसके बाद छत्रपाल ने एम्बुलेंस रोककर विरोध जताया तो चालक हंसराज ने छत्रपाल को एक थप्पड़ जड़ दिया था जिससे नाराज परिजनो समेत ग्रामीणो ने चालक व ईएमटी की बुरी तरह पिटाई कर दी थी ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल चालक व ईएमटी को बचाकर सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया था।

# लखनऊ में शानदार कॉलोनी में होगा अपना घर !

## वृंदावन योजना के लिए पंजीकरण शुरू, पहले आएंगे तो पाएंगे छूट भी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की वृंदावन आवासीय योजना में भूखंडों की बिक्री प्रक्रिया शुरू हो गई है। यदि आप भी भूखंड खरीदने के इच्छुक हैं तो 30 नवंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं।

वृंदावन योजना में पीजीआइ के सामने से उतरेटिया रेलवे स्टेशन की ओर से जाने वाले मार्ग पर सेक्टर 20 में भूखंड का बड़ा हिस्सा खाली है, परिषद इसी को गेटेड कालोनी के रूप में संवारने जा रहा है, भूखंड आवंटन में एकमुश्त भुगतान करने वालों को वरीयता मिलेगी। परिषद ने योजना संख्या चार सेक्टर 20 में 284 भूखंड चिह्नित किया है, ये भूखंड 138, 148, 200 और 300 मीटर तक के हैं।

### परिसर में क्या-क्या होगा?

परिसर में सड़क, सीवर सहित अन्य सुविधाएं मुहैया होंगी, हर भूखंड पार्क फेसिंग होगा, परिसर में ही बाजार आदि का भी प्रबंध हो रहा है। खास बात यह है कि वृंदावन कालोनी में मूलभूत सुविधाएं पहले से हैं, भूखंड खरीदते ही उसे मन मुताबिक बनवाकर रह सकते हैं। इसी स्थल के पास ही डिफेंस एक्सपो मैदान भी है, जिस पर कंवेंशन सेंटर बनाने को आवास विकास परिषद का बोर्ड मंजूरी दे चुका है।

### इस तरह करें आवेदन

आनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदक को परिषद की वेबसाइट www.upavp.in पर जाकर आनलाइन रजिस्ट्रेशन फार प्लाट पर क्लिक करना होगा, आवेदन केवल आनलाइन ही स्वीकार होंगे। विवाद की स्थिति में आवास आयुक्त का निर्णय अंतिम होगा, वेबसाइट पर आनलाइन नियम व शर्तें भी देख सकते हैं।

### 60 दिन में भुगतान पर पांच प्रतिशत की मिलेगी छूट

परिषद की ओर से लाटरी में नाम आने के बाद आवंटन पत्र जारी होगा। आवंटन पत्र जारी होने की तारीख से 60 दिन में भूखंड मूल्य का पूरा भुगतान करने पर पांच प्रतिशत की विशेष छूट भी आवेदक को मिलेगी।

# लोकबंधु अस्पताल प्रशासन ने यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से नर्सिंग आफिसर को दी बधाई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल नर्सिंग आफिसर नवीन गौड को यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर बुधवार को लोकबंधु अस्पताल प्रशासन के डैरेक्टर डाक्टर सुरेश चन्द कौशल, सीएमएस मेजर डाक्टर राजीव दीक्षित, डाक्टर आनंद यादव, डॉक्टर अहिरवार,सहित लोकबंधु अस्पताल स्टाफ ने बधाई दी। इस दौरान लोकबंधु अस्पताल सीएएस मेजर डाक्टर राजीव दीक्षित नर्सिंग आफिसर नवीन गौड़ को बधाई देने के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर्सिंग कार्य के साथ साथ चिकित्सालय में योग आचार्य के रूप में नवीन गौड़ को जाना जाता है, नर्सिंग कार्य के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आई हुई गर्भवती महिलाओं को गर्भ संस्कार योग कराया और सिखाया, गुणवत्ता कार्यों में विशेष रुचि रखने के कारण इमरजेंसी विभाग में स्टाफ नर्स की ड्यूटी प्रदान की गई ।नवीन गौड पनतांजलि योग सिमित के युवा प्रभारी भी है।

## पत्नी को आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कुंदनखेड़ा गांव में पति व ससुरालीजनो की आये दिन की प्रताड़ना से परेशान होकर महिला पूनम ने जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जान दे दी। उक्त मामले में मृतका के पिता दयाराम ने दामाद शिवराज समेत ससुरालीजनो पर बेटी को जबरन जहर पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया था ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पति को आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोपी पति शिवराज को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट का इंजन फेल, तीन घंटे खड़ी रही ट्रेन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चडीगढ़ से चलकर लखनऊ जाने वाली ट्रेन का बुधवार को मलिहाबाद-काकोरी स्टेशन के बीच इंजन फेल हो गया। उसे मालगाड़ी का इंजन लगाकर काकोरी स्टेशन तक लाया गया। करीब तीन घंटे बाद ट्रेन में दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को लखनऊ रवाना किया गया। इसके चलते लखनऊ जाने वाली चार ट्रेनें घंटों ट्रैक पर फंसी रहीं और डाउन रूट बाधित रहा। ट्रेन संख्या 12232 चंडीगढ़ लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस करीब 08:42 बजे मलिहाबाद और काकोरी स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 1095/22 पर पहुंची थी कि अचानक इंजन का पावर फेल हो गया। ट्रेन डाउन रूट पर खड़ी हो गई।इसी दौरान पीछे से आ रही मालगाड़ी को रोककर उसका इंजन निकालकर चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट में लगा कर रवाना किया गया।पावर फेल होने से पीछे से आ रहीं कई ट्रेनें जहां की तहां खड़ी रहीं। अहमदाबाद सुल्तानपुर एक्सप्रेस एक घंटा 06 मिनट, हरीहर एक्सप्रेस एक घंटा 10 मिनट, दून एक्सप्रेस 50 मिनट और भारत गौरव टूरिस्ट एक्सप्रेस करीब एक घंटे तक खड़ी रही। स्टेशन अधीक्षक नरसी लाल मीणा ने बताया कि इंजन का पावर फेल होने से कई ट्रेनें प्रभावित हुई थीं, लेकिन बाद में रेल यातायात बहाल हो गया।

## चौकीदार के दो मोबाइल फोन चुराने वाला गिरफ्तार,भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के माधवखेड़ा में स्थित दुर्गा ट्रेडर्स में काम करने वाले चौकीदार दीपू निवासी कीलपुर चौपई थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव के कमर से दो मोबाइल फोन उड़ाने वाले शातिर चोर को बुद्धवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से दोनो मोबाइल फोन बरामद किये ।पुलिस ने बरामद मोबाइल फोन के साथ चोर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पुछताछ में शातिर चोर ने अपना नाम मोहन पांडे निवासी गुलहरिया थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर बताया।

## संक्षेप

### पूतना वध एवं बधाई लीला का किया गया भावपूर्ण मंचन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के दुर्गेश्वर कृष्ण लीला स्थल पर चल रहे कृष्ण लीला महोत्सव के द्वितीय दिवस वृंदावन धाम के स्वामी भारत भूषण के निर्देशन में पूतना वध एवं बधाई लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकार अरविंद चौरसिया ने ठाकुर जी का पूजन कर आरती उतारी। कथानक के अनुसार राजा कंस को चिंता होती है कि उसके काल ने गोकुल में जन्म ले लिया है। बालकृष्ण की हत्या करने के लिए वह अपनी मुंह बोली बहन पूतना को बुलाता है। पूतना सुंदर रूप धारण कर गोकुल पहुंचती है और मां यशोदा से कहकर लाला को खिलाने के लिए गोद में ले लेती है। कृष्ण विष लेपन किए स्तनों को पान करते ही पूतना के प्राण खींच लेते हैं। लीला की समाप्ति पर समिति के सदस्य व पदाधिकारी चरण आधार शर्मा, अवधेश द्विवेदी, वैभव शर्मा, दीप तिवारी, अजय तिवारी एवं प्रज्वल शर्मा ने भगवान बालकृष्ण की आरती कर ठाकुर जी का सानिध्य प्राप्त किया।

### दिनदहाड़े चापड़ से हमला कर युवक ने अधेड़ को उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंबिकापुरम पॉश इलाके में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां नेहरू नगर निवासी एक युवक ने घर के बाहर बैठे अधेड़ पर चापड़ से हमला कर दिया। जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल होकर नाली में गिर गया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुन परिजन घर के बाहर निकले और उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हत्या होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अंबिकापुरम निवासी पचास वर्षीय श्री नारायन मिश्रा बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे घर के बाहर बैठे थे। तभी आरोपी युवक नीरज चापड़ लेकर पहुंचा और श्री नारायण पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले से घायल श्री नारायण नाली में गिर गए। जिससे श्रीनारायण गंभीर रूप से घायल हो गया और नाली में जा गिरा। कुछ देर बाद पत्नी नाती चाय देने के लिये बाहर निकला, उसने देखा कि श्रीनारायन लहूलुहान हालत में नाली में पड़ा हुआ है, यह देख उसकी चीख निकल गई और चिल्लाते हुये घर के अंदर भागते हुये बताया कि नाना को चोट लगी हुई है। इस बीच परिजन घर के बाहर निकले और घायलावस्था में श्रीनारायन को इलाज के लिये जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं घटना के बाद नीरज मौके से भाग निकला। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पॉश इलाके में हत्या होने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नीरज फिलहाल फरार है।

# आदर्श सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह में 18 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पहासा गांव में भारतीय जनहित महासभा की ओर से आयोजित आदर्श सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह में 18 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए प्रमाण पत्र सौंपे गए। समारोह में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के अध्यक्ष संजय सिंह गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने इस अवसर पर कहा, ₹भाजपा सरकार में ऐसे सामूहिक विवाह आयोजन बड़े ही धूमधाम से हो रहे हैं। योगी सरकार में बेटियों की सुरक्षा प्राथमिकता है, जबकि पूर्ववर्ती सपा सरकार में केवल भ्रष्टाचार और अव्यवस्था फैली हुई थी।₹ गंगवार ने योगी सरकार की नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। साथ ही, उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष द्वारा फैलाई गई अफवाहों से सावधान रहने की अपील भी की।राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सामूहिक विवाह को समाज में बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने दहेज प्रथा की कड़ी निंदा करते हुए कहा, ₹इस तरह के आयोजनों से दहेज जैसी कुरीतियों पर रोक लगाई जा सकती है। हमें समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है ताकि भविष्य की पीढ़ी इनसे मुक्त हो सके।₹राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की और महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा की बात की। उन्होंने कहा, ₹महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और सामूहिक विवाह जैसे आयोजन महिलाओं की स्थिति को सुधारने की दिशा में अहम कदम हैं।

भारतीय जनहित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद मौर्य ने नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान भेंट करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने में सहायक होंगे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी सद्भावना बढ़ाने पर जोर दिया।इस मौके पर प्रदेश महासचिव शिवचंद्र कुशवाहा, लवकुश, जानी, अवधेश, शिव शंकर, राजेश सहित कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। नवविवाहित जोड़ों के परिजन और ग्रामवासियों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# सुरक्षा व्यस्था को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए उन्नाव जिले के पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) अखिलेश सिंह ने मंगलवार को थाना अचलगंज क्षेत्र में पैदल गश्त की और कस्बे में लगे मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

साथ ही एसपी ने थाना अजगैन में नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का उद्घाटन भी किया गया। इन दोनों कार्यों से यह स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन आगामी दिनों में होने वाले त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तैयार है।अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह के नेतृत्व में थाना अचलगंज क्षेत्र में पुलिस बल ने पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने कस्बे के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। खासकर उन जगहों का जहां मेले के दौरान भारी भीड़ की संभावना थी। उन्होंने मेले में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयारियों का भी आकलन किया।अखिलेश सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कस्बे के प्रमुख इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी जाएगी और हर स्थान पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जाएगी।इसके अलावा, मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।उन्नाव पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना अजगैन में नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी हसनगंज संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।दीपक भूकर ने बताया कि इस आगंतुक कक्ष का उद्देश्य थाना परिसर में आने वाले आम नागरिकों को बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। आगंतुक कक्ष में बैठने की व्यवस्था, पानी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि लोग अपने कार्यों को आसानी से निपटा सकें और उन्हें कोई असुविधा न हो। इस कक्ष की स्थापना से थाना परिसर में आने वालों को बेहतर अनुभव मिलेगा और उनका समय भी

बच सकेगा।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस विभाग का उद्देश्य लोगों के प्रति अपने सेवाभाव को और बेहतर बनाना है। इस आगंतुक कक्ष के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को अधिक सुगमता से सुना जा सकेगा और उनके समाधान में तेजी लाई जा सकेगी।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला मजदूर का शव



अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी क्षेत्र के अखलॉक नगर में स्थित एक निमार्णाधीन मकान में बुधवार को एक मजदूर का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अचलगंज थाना क्षेत्र के जोजापुर निवासी 28 वर्षीय अमरदीप के रूप में हुई है। वह पिछले कुछ दिनों से कानपुर के रहने वाले आकिब के निमार्णाधीन मकान में मजदूरी का काम कर रहा था और उसी मकान में रह रहा था। बुधवार को मकान के अंदर पंखे के छल्ले से उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को इस घटना की सूचना दी, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

# मंच टूटने से रावण का किरदार निभा रहा कलाकार गिरा नीचे

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। जिले के बारा सगवर थाना क्षेत्र के चिलौली गांव में आयोजित तीन दिवसीय रामलीला के दौरान एक अप्रत्याशित घटना घटी, जब मंच टूटने से रावण का किरदार निभा रहे कलाकार दीपक सोनी अचानक गिर पड़े। इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसमें मंच के टूटने के बाद हुई अफरा-तफरी स्पष्ट दिखाई दे रही है। हालांकि, इस दुर्घटना में दीपक को मामूली चोटें आईं और प्राथमिक उपचार के बाद रामलीला का मंचन पुनः शुरू किया गया।रामलीला के दूसरे दिन मारीच और रावण के संवाद का प्रसंग चल रहा था। जैसे ही दीपक सोनी ने मंच पर रावण के किरदार में अपनी भूमिका निभाना शुरू किया, अचानक मंच टूट गया और वे नीचे गिर गए। इस घटना से उपस्थित दर्शकों में हड़कंप मच गया, लेकिन आयोजन समिति के लोग तुरंत हरकत में आए और दीपक को प्राथमिक उपचार दिया। ग्राम प्रधान अनूप बाजपेई ने बताया कि दीपक की चोटें गंभीर नहीं थीं और वह मामूली रूप से घायल हुए थे।इस घटना के बावजूद आयोजन समिति ने रामलीला का मंचन जारी रखा, और दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। ग्राम प्रधान ने बताया कि सभी सुरक्षा इंतजाम किए गए थे, लेकिन मंच का अचानक टूटना एक अप्रत्याशित घटना थी।मंच टूटने और कलाकार के गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से यह घटना चर्चा का विषय बन गई। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे मंच टूटने के बाद अफरा-तफरी मच गई। आयोजन समिति और ग्राम प्रधान ने यह भी स्पष्ट किया कि मंच टूटने के बावजूद रामलीला का कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के जारी रहा और दर्शकों में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।प्राथमिक उपचार के बाद दीपक सोनी ने अपनी भूमिका फिर से निभाई और रामलीला का मंचन सुचारू रूप से जारी रहा, जिससे दर्शकों ने रामलीला का आनंद उठाना जारी रखा।

# गाजियाबाद प्रकरण को लेकर अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से रहे विरत



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। गाजियाबाद न्यायालय के अंदर अधिवक्तागणों के साथ हुए प्रकरण को लेकर उनके समर्थन में लगातार हड़ताल जारी है तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में सेंटर बार एसोसिएशन संघ बीघापुर के अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ला अपने सदस्यों के साथ गाजियाबाद प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय के अंदर पुलिस के द्वारा न्यायाधीश के आदेश पर हुई घटना के विरोध में अपने अधिवक्ता गण साथियों के समर्थन में न्याय दिलाए जाने हेतु लगातार मंगलवार व बुधवार को अपने बार के संग के सदस्यों के साथ प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी रणधीर सिंह को ज्ञापन सौंपा और सभी न्यायालयों में प्रस्ताव भेज कर न्यायिक कार्य से विरत रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के उडंक पुरवा गांव में एक युवक का शव संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका हुआ मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक की पहचान विनीत (18) के रूप में हुई, जो मंगलवार को घर से बाहर निकला था और देर रात तक घर वापस नहीं आया था। इस घटना के बाद से पूरे गांव में चर्चा का माहौल है और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।गांव के कुछ किसान जब रात में खेतों से लौट रहे थे, तो उन्हें गांव के बाहर स्थित एक पेड़ पर शव लटका हुआ देखा। शव की पहचान होने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया और विनीत के परिवार को भी खबर दी।

जब परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, तो शव को देखकर उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उनका बेटा ऐसा कदम उठा सकता है।सफीपुर कोतवाली के थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चलेगा। पुलिस ने यह भी कहा कि अभी इस मामले को आत्महत्या से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि हत्या की बात को नकारा नहीं जा सकता। मामले की जांच जारी है और पुलिस सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।विनीत के पिता, राज कुमार ने कहा कि उनका बेटा हमेशा खुशमिजाज और अच्छे स्वभाव का था, और वह किसी से किसी प्रकार का मानसिक तनाव नहीं महसूस कर रहा था। परिवार का मानना है कि विनीत को किसी ने जानबूझकर मारकर पेड़ से लटका दिया होगा।

गांव में यह भी चर्चा है कि विनीत का किसी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और इसी कारण से वह इस कदम पर मजबूर हुआ हो। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चलेगा।

# खाने में नमक कम होने से नाराज पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरीगवां गांव में खाने में नमक कम होने की मामूली सी बात पर सिरफिरे पति ने पत्नी को लात-घूसों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। मृतक के मायके पक्ष के लोगों ने आरोपी पति के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।बरिगवां गांव के रहने वाले रामबरन और उसकी पत्नी गीता (35) के बीच दीपावली के दिन उस समय विवाद हुआ, जब गीता ने खाना बनाया और सब्जी में नमक कम हो गया। इस पर रामबरन ने गुस्से में आकर गीता के पेट पर लात-घूसें से पिटाई कर दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई।पीटने के बाद रामबरन मौके से फरार हो गया। गीता ने तुरंत अपने मायके पक्ष को घटना की जानकारी दी। पिता के साथ अन्य परिजन गीता को गंभीर हालत में अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई।मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उनका दामाद रामबरन अक्सर शराब के नशे में घर आता था और उनकी बेटी गीता को मारता-पीटता था। इस मामले में कई बार घर में विवाद हो चुका था। मृतका के परिजनों ने आरोपी दामाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के दो बेटी और एक बेटा हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित एक मोहल्ले में बाइक मैकेनिक का कमरे में शव लटकता मिला। इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घटना के समय पत्नी मायके गई थी। मौत की सूचना पाते ही उसका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थाना क्षेत्र के बिन्दा नगर चौकी इंचार्ज में परमसुख खेड़ा निवासी सरवन रावत (32) पुत्र स्व. अमोल पोनी रोड पर बाइक मैकेनिक का काम करता था। भइयादूज पर दो दिन पहले पत्नी और पांच साल के बेटे को लेकर ससुराल गया हुआ था। पत्नी को मायके छोड़कर खुद वापस घर आ गया। कई दिनों से दुकान न खुलने के कारण बाइक बनवाने वाले लोग उसके घर पहुंचे।दरवाजा खटखटाया, आवाज न आने पर खिड़की से झांक कर देखा। जहां कमरे में उसका शव फांसी से लटकता दिखाई पड़ा। उन लोगों ने मोहल्ले के लोगों को जानकारी दी। मौत की खबर के बाद मोहल्ले के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसके बाद पड़ोसी ने घटना की जानकारी पत्नी को दी। यहां पति की मौत की खबर सुनकर उनके होश उड़ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का कारण नहीं पता चल सका है। जांच की जा रही है।

# रंजिश के चलते वृद्ध पर ईंट से हमला कर उतारा मौत के घाट



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला मार्ग स्थित बस अड्डे पर दो आमने-सामने के दुकानदारों में मंगलवार शाम कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते बुधवार तड़के एक दुकानदार ने अपनी गुमटी के बाहर गहरी नींद में सो रहे दूसरे दुकानदार की ईंट से सिर कुचल कर निर्ममहत्या कर दी। दुकानदार का लहूलुहान शव तख्त पर पड़ा देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से घटना के बाबत पूछताछ करने में जुटी है।

नगर के संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग के निकट बांगरमऊ -संडीला मार्ग पर संचालित निजी मिनी बसों का अड्डा है। अड्डे के बांई तरफ अपने मकान के आगे सज्जन कुमार पुत्र कमल किशोर लकड़ी की गुमटी में परचून और कोल्ड ड्रिंक की दुकान चलाता है। जबकि उसके ठीक सामने ग्राम काजीपुर निवासी लाल बहादुर पाल के प्लाट के आगे ग्राम जोगीकोट निवासी तुलसीराम (60) पुत्र रामभजन भी लकड़ी की गुमटी में परचून और कोल्डड्रिंक की बिक्री करता है। आसपास के लोगों के अनुसार मंगलवार की शाम दोनों दुकानदारों के बीच किसी बात को लकर झगड़ा हुआ था। तब चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगड़ा शांत करा दिया था। रंजिश के चलते बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सज्जन कुमार ने दुकान के बाहर तख्त पर सो रहे तुलसीराम के सिर पर ईंट से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। जानकारी पर बेटे प्रशांत कुमार पड़ोसियों की मदद से अपने पिता को आनन-फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर हड़कंप मच गया।

मृतक के पुत्र प्रशांत कुमार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से घटना के बाबत पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज है।

# जिम्मेदारों की आंखे बंद, पात्र गरीब को नहीं मिला पा रहा आवास



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर सरकार की तमाम योजनाओं से ग्रामीण तो वंचित है परंतु जनप्रतिनिधियो के करीबी तथा अपात्र लोग योजनाओं का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत इसका पूरा प्रमाण भी दे रही है। टिकाना ग्राम सभा के चौधरी खेड़ा मजरा निवासी अजीत पुत्र मंगू ने बताया की मैं अपनी मां के साथ कच्चे टूटे फूटे मकान में रहता हूँ जिसमें आये दिन खतरा बना रहता है।प्रधान तथा ग्राम सचिव से कई बार आवास के लिए कहा परंतु आज तक आवास नहीं मिला सिर्फ आश्वासन ही दिया गया। इसी तरह ग्राम सभा तकिया निगोही में बुजुर्ग भोला ने बताया कि वह भी टूटे फूटे कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे हैं। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी से कई बार आवास के लिए फरियाद लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके कारण कच्चे मकान में जोखिम भरा जीवन गुजार रहे हैं।अधिकारियों से भी ग्रामीण प्रार्थना कर चुके हैं परंतु अफसरों की चुप्पी जनप्रतिनिधि और नीचे के कर्मचारियों का हौसला बढ़ा रही है। विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकाना पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की गई। जिसमे गांव के कई ग्रामीणों को सरकार की उज्ज्वल योजना, मनरेगा की ही सही जानकारी नहीं है।ग्रामीणों की माने तो प्रधानमंत्री आवास के तहत ग्राम प्रधान द्वारा निरीक्षण के लिए आने वाली टीम से केवल अपने समर्थकों को ही लाभान्वित कराने की कोशिश की जा रही है। मजेदार तो यह है अधिकांश मामलों की जानकारी अधिकारियों को होने के बावजूद कोई कार्यवाही न होना भ्रष्टाचार को एक गोरखधंधे के रूप में बढ़ावा दे रहा है।

# ससुराल वालों ने बहू को घर से निकाला

- शाहजहांपुर में शादी के बाद करने लगे 2 लाख की मांग, एफआईआर दर्ज




अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में एक महिला ने पति समेत ससुराल वालों पर एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि शादी की पहली विदाई से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पति और ससुराल वाले डीजे का कारोबार करने के लिए दो लाख रुपए कैश और एक बुलट की मांग करने लगे। मांग पूरी करने से मना किया तो पति ने मारपीट करना शुरू कर दी है। दो महीने पहले पति ने मारपीट कर मायके में छोड़ दिया। पंचायत के दौरान भी पति और ससुराल वाले अपनी मांग पर डटे रहे। थाने में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के निजामपुर गौटिया की रहने वाली निहारिका वर्मा की करीब डेढ़ साल पहले चौक कोतवाली क्षेत्र के ताहवरगंज निवासी विष्णु कुमार से हुई थी। पिता की मौत होने के कारण भाइयों ने अपनी हैसियत अनुसार शादी में साढ़े पांच लाख रूपए खर्च किए थे। पीड़िता का आरोप है कि शादी की पहली विदाई से दहेज के लिए तंग किया जाने लगा। दहेज कम होने के ताने दिए जाने लगे। आरोप है कि पति और ससुराल वालों ने डीजे का कारोबार करने के लिए दो लाख रुपए कैश और एक बुलट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दो महीने पहले भी पति और ससुराल वालों ने 2 लाख रुपए और बुलट की मांग की। विरोध करने पर पति और ससुराल वालों ने मारपीट कर मायके में छोड़ दिया। उसके बाद घर बसाने के लिए पंचायत की, लेकिन पति दहेज की मांग पर डटा रहा। पीड़िता ने महिला थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महिला ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना की जा रही है।

## सम्पादकीय

# घाटी में बढ़ रहे आतंकी हमले चिंता का विषय

जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। जब तक राज्यपाल शासन था, तो वहां के राजनीतिक दल आरोप लगाते थे कि इस केंद्र शासित प्रदेश में चुनी हुई सरकार नहीं है। अब जब राज्य में एक चुनी हुई बहुमत की सरकार है, इसके बाद भी घाटी में आतंकवाद की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। सीएम उमर अब्दुल्ला के शपथ लेने के बाद बड़ी आतंकवादी घटना हुई जिसमें बाहरी कामगार को निशाना बनाया गया। अब आतंकियों ने भरे बाजार में ग्रेनेड हमला कर दहशत फैलाने की कोशिश की। इस हमले एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस बीच सीएम उमर अब्दुल्ला ने अपने पिछले विवादास्पद बयान से हटकर इस बार कहा है कि सुरक्षा तंत्र को आतंकवादी हमलों में वृद्धि को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह काम सुरक्षा बल पहले से कर ही रहे हैं। बड़ी बात है कि कश्मीर के राजनीतिक दलों व नेताओं को कोई ऐसा बयान नहीं देना चाहिए, जिसमें दहशतगर्दों को हवा मिलती हो। एनसी नेता फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती व सीएम उमर अब्दुल्ला से अधिक इस बात को कौन जानते होंगे। कश्मीर में आतंकवाद शूल की तरह बड़ी समस्या है, चार दशक से वहां आतंकवाद चल रहा है। डा. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व के समय में यूपीए सरकार के दौरान आतंकवाद को लेकर सरकार का ढुलमुल रवैया रहा, पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार के आने के बाद से आतंकवाद के खिलाफ सामरिक, कूटनीतिक व नीतिगत स्तर पर कठोर रुख अपनाया गया, इससे आतंकवाद पर लगाम लगी, इसका दायरा सिमट कर जम्मू-कश्मीर तक सीमित रहा, पर इसका सफाया नहीं हो सका है। हाल के दो वर्षों में आतंकवादी हमले में वृद्धि हुई है, आतंकवादी जरूर मारे जा रहे हैं, लेकिन हमारे जवान भी शहीद हो रहे हैं। इस वर्ष जून से सितंबर तक जम्मू में 12 आतंकी हमले हुए, इनमें 14 जवानों की शहादत हुई, जबकि 4 आतंकी मारे गए हैं। इस वर्ष दस से अधिक नागरिक मारे जा चुके हैं। 2008 के बाद यह पहली बार है जब जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी हमले बढ़े हैं। ऑपरेशन क्लीन को शुरू में अच्छी कामयाबी मिली, पर अभी रफ्तार सुस्त लग रही है। आतंकवादी घटनाएं कश्मीर से अधिक जम्मू संभ्राग में होने लगी हैं। स्थानीय और बाहरी बेकसूर लोग निशाना बनाए जा रहे हैं। सबको पता है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कौन खाद-पानी दे रहा है। घाटी सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। बार-बार मुंह की खाने के बावजूद पाक फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई एलओसी क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देने से बाज नहीं आ रही हैं, आतंकवाद अब ऐसी छद्म जंग बन गया है जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। लश्कर-ए-तैयबा अपनी शाखा 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के जरिये घाटी में दहशतगर्दी को अंजाम दे रहा है। दूसरे कई और नए आतंकी गुट भी सक्रिय हैं। भारत को कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी ही होगी। आतंकवादियों की बदली रणनीति पर निर्णायक फैसला लेने का समय आ गया है। हमला कर आतंकियों के भाग जाने की रणनीति को विफल करना होगा। जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करने के लिए ऑपरेशन क्लीन जैसे अभियान को व्यापक बनाने की जरूरत है, तकनीक का सहारा लेने और पाक के एस्टब्लिशमेंट व पाक क्षेत्र में मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर लगातार सबक सिखाते रहने की आवश्यकता है। भारत की अपनी रणनीति में आतंक के आकाओं के खात्मे की योजना शामिल करनी होगी।

## राज्योत्सव

मनोज कुमार सिंह

# विकास के रास्ते पर तेजी से अग्रसर स्वस्थ एवं युवा छत्तीसगढ़

ये तो हर कोई जानता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसके साथ ही ये भी कि इंसान का सबसे बड़ा धन उसका स्वास्थ्य है। आज का युवा छत्तीसगढ़ इस बात को भली भांति समझता है तभी तो 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा छत्तीसगढ़ अपने स्वास्थ्य को लेकर ना सिर्फ सतर्क है बल्कि नई तकनीक को लेकर सजग भी है। स्वास्थ्य को लेकर छत्तीसगढ़ कितना गंभीर है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में स्वास्थ्य का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है और इसकी शुरूआत भी कर दी गयी है। वर्ष 2023-24 में राज्य का स्वास्थ्य बजट 5461 करोड़ रूपए का था जिसमें 38.5 फीसदी का इजाफा करते हुए वर्ष 2024-25 में 7563 करोड़ रूपए कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ जब नवजात था तब वो बीमारियों से घिरा हुआ था। राज्य में मातृ मृत्यु की दर काफी ज्यादा थी। संस्थागत प्रसव न के बराबर था। बस्तर में जितनी मौतें नक्सली मुठभेड़ में नहीं होती थी उससे कहीं ज्यादा मौतें मलेरिया से हो जाती थीं। एंबुलेंस सेवा नहीं होने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। हालांकि आज के युवा छत्तीसगढ़ के लिए ये बातें अब पुरानी हो चुकी हैं। वर्ष 2003 मे जहां मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख में 269 थी जो आज घटकर 137 हो गयी है।

नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-3 (2005-06) के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव सिर्फ 15.3 फीसदी था। आज यह लगभग 70 फीसदी का इजाफे के साथ नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) के आंकड़ो के अनुसार 85.7 फीसदी तक पहुंच चुका है। बस्तर में मलेरिया पर अंकुश लग चुका है। वर्ष 2018 की तुलना में आज बस्तर में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आ गयी है। 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा राज्य के लोगों के लिए वाकई संजीवनी साबित हो रही है। पिछले एक साल में ही डायल 108 पर 9 लाख 73 हजार 681 आपातकालीन फोन काल्स आए और इनमें से 3 लाख 4 हजार 847 मरीज लाभांवित हुए।

छत्तीसगढ़ की शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है जिसे आने वाले समय में 10 लाख रूपए तक किए जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत 12 सितंबर 2024 तक लगभग 1200 लोगों को 43 करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

स्वस्थ छत्तीसगढ़ के लिए यह जरूरी है कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था कुशल चिकित्सकों के हाथों में रहे। लेकिन आज से 24 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में सिर्फ एक शासकीय मेडिकल कालेज था जिसमें मात्र 100 एमबीबीएस की सीटें थीं। बीते 24 वर्षों में राज्य में शासकीय मेडिकल कालेजों की संख्या 1 से बढ़कर 10 हो गयी है और एमबीबीएस की सीटें भी बढ़कर 1460 हो गयी हैं। शासकीय मेडिकल कालेजों में 291 स्नातकोत्तर की सीटें भी बढ़ी हैं जिससे राज्य को विशेषज्ञ चिकित्सक मिल रहे हैं। आज का युवा छत्तीसगढ़ सिर्फ अस्पताल की ही बात नहीं कर रहा है बल्कि वो सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की बात कर रहा है। राज्य के पहले डिजिटल बजट में सभी संभाग में एम्स की तर्ज पर सिम्स खोलने का निर्णय लिया गया है और इसकी शुरूआत भी बिलासपुर से हो चुकी है जिसका लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धनवंतरी दिवस के अवसर पर किया। जल्द ही हम छत्तीसगढ़ में आर्गन ट्रांसप्लांट होते हुए भी देखेंगे।

# वायु प्रदूषण से लड़ाई में नाकामी



स्वास्थ्य

राज कुमार सिंह

सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध और सरकारी निर्देशों को धता बताकर दिवाली पर जम कर पटाखे चलाये जाते हैं। इस बार तो तिथि को लेकर असमंजस के चलते दिवाली दो दिन मनायी गयी। ऐसे में पर्यावरण पर प्रदूषण की मार दो दिन लगातार पड़ी। फिर भी दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 339 तक ही यानि 'बहुत खराब' की श्रेणी में ही पहुंचा तो उसका श्रेय तेज हवा को दिया जाना चाहिए, जिससे प्रदूषण छाने के बजाय उड़ गया। फिर जन स्वास्थ्य को जोखिम में डालने का यह आत्मघाती खेल क्यों चल रहा है? पिछले लगभग एक दशक से दिल्ली-एनसीआर निवासी सर्दियों की आहट के साथ ही जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो जाते हैं।

दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को मौसम का आभारी होना चाहिए कि पहले चक्रवात 'दाना' और फिर तेज हवा की बदौलत उनकी दिवाली इस बार पहले जितनी दमघोंटू साबित नहीं हुई, वरना सरकारी तंत्र की नाकामी और समाज की गैर जिम्मेदारी ने तो कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। दिवाली अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व है। लक्ष्मी-गणेश की पूजा से समृद्धि-सद्बुद्धि की आकांक्षाओं का त्योहार है, पर कुछ लोगों को लगता है कि जानलेवा प्रदूषण फैलाने वाली पटाखेबाजी के बिना यह नहीं मनाया जा सकता। सो, सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध और सरकारी निर्देशों को धता बताकर दिवाली पर जम कर पटाखे चलाये जाते हैं। इस बार तो तिथि को लेकर असमंजस के चलते दिवाली दो दिन मनायी गयी। ऐसे में पर्यावरण पर प्रदूषण की मार दो दिन लगातार पड़ी। फिर भी दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 339 तक ही यानि 'बहुत खराब' की श्रेणी में ही पहुंचा तो उसका श्रेय तेज हवा को दिया जाना चाहिए, जिससे प्रदूषण छाने के बजाय उड़ गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल दिवाली के अगले दिन यह 358 था, जबकि 2022 में 302 व 2021 और 2020 में एक्यूआई क्रमशः 462 और 435 था। वैसे एक नवंबर की सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 362 था, जिसे तेज हवाओं ने कम कर दिया और औसत एक्यूआई 339 बताया गया। दिल्ली के 39 में से 37 निगरानी केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को 'बहुत खराब' बताया।

वैसे हवा थमते ही हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। शनिवार को एक्यूआई 400 पार कर गया तो रविवार को 500 के भी पार चला गया। इस साल अपेक्षाकृत बेहतर रहा एक्यूआई भी सेहत के लिए कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि शून्य से 50 एक्यूआई तक की हवा ही 'स्वच्छ' होती है। उसके बाद 51-100 तक 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 401-500 एक्यूआई वाली हवा 'गंभीर' श्रेणी में आती है। फिर जन स्वास्थ्य को जोखिम में डालने का यह आत्मघाती खेल क्यों चल रहा है? पिछले लगभग एक दशक से दिल्ली-एनसीआर निवासी सर्दियों की आहट के साथ ही जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो जाते हैं, पर सत्ताधीशों से कुछ तात्कालिक राहत वाली पाबंदियों और आश्वासनों के सिवाय उन्हें कुछ नहीं मिलता। दिल्लीवासियों को गिने-चुने दिन ही स्वच्छ हवा नसीब होती है, वरना तो वे अस्वास्थकर हवा में ही सांस लेने को अभिशप्त हैं। यही विडंबना एनसीआर के ज्यादातर शहरों में की है। इस साल भी दिवाली के अगले दिन दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गयी। देश का सबसे स्वच्छ शहर बताये जाने वाले इंदौर में तो एक्यूआई 400 पार यानि 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। ये आंकड़े जन स्वास्थ्य के प्रति सरकारी तंत्र की सजगता पर तो सवालिया निशान लगाते ही हैं, समाज को भी कठघरे में खड़ा करते हैं, जो आत्मघाती आचरण से बाज नहीं आता। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेताते रहे हैं कि दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा श्वांस संबंधी रोग बढ़ा रही




है। फेफड़ों में इन्फेक्शन बढ़ रहा है, जिससे कैंसर भी हो सकता है। वायु प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। इसके बावजूद दमघोंटू हवा का दोष पराली और पटाखों के सिर मढ़ कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है तो यह संवेदनहीनता और निष्क्रियता की पराकाष्ठा ही है। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इस खतरनाक वायु प्रदूषण के लिए सरकारी तंत्र की नाकामी को जिम्मेदार माना है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में नाकामी पर पंजाब सरकार पर सख्त टिप्पणी की कि उसे खुद को 'असमर्थ' घोषित कर देना चाहिए। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग भी अपनी जिम्मेदारी के निर्वाह में अभी तक तो नाकाम ही नजर आता है।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ते ही श्वांस और आंखों संबंधी रोगों के मरीज बढ़ने लगते हैं। डॉक्टर सुबह की सैर बंद करने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह देते हैं। जो आम आदमी दो वक्त की रोटी और परिवार चलाने के लिए ही सुबह से देर रात तक चकरघिन्नी बना रहता है, सुबह की सैर शायद उसकी प्राथमिकता में नहीं है, पर अपने काम-धंधे के लिए तो उसे बाहर निकलना ही पड़ता है। सरकार और डॉक्टर की सलाह मान कर अगर आम आदमी घर में बैठ जाएगा तो उसका परिवार कैसे पलेगा?

सरकारी तंत्र की निष्क्रियता की मार आम आदमी साल-दर-साल झेल रहा है और भविष्य में भी राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दल की सरकारें होने के चलते यह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मुद्दा भी बन जाता है, पर कुछ बेहतर करने की कोशिश किसी ओर से नजर नहीं आती। हाल में 23 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की कि शुद्ध हवा न मिलना प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के लोगों के मौलिक अधिकार का हनन है, पर प्रश्न अनुत्तरित है कि इस अधिकार का लगातार हनन करने के जिम्मेदार लोगों को सही मायने में दंडित कौन करेगा? बेशक पराली जलाने से रोकने के लिए सरकारों को किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कुछ व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। वैसा करने के दावे तो बहुत किए जाते हैं, पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों का योगदान अवधि और मात्रा की दृष्टि से सीमित है। इसलिए अन्य स्थायी कारणों का निदान ज्यादा जरूरी है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च पेपर के मुताबिक वायु प्रदूषण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की है। भवन निर्माण आदि से उड़ने वाली धूल 21.5 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है।

फिर भी मेट्रो के धीमे विस्तार के अलावा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र न होने पर निजी यात्री वाहनों के चालान तो बढ़े हैं, पर प्रदूषण फैलाते कॉमर्शियल वाहनों की ऑन द स्पॉट जांच कर चालान की पहल कहीं नजर नहीं आती। नवंबर, 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी कि दिल्ली नरक से भी बदतर हो गयी है, पर लगता नहीं कि उसके बाद भी कुछ बदला है। भविष्य में भी सुधार का दावा कोई नहीं कर सकता, क्योंकि जो वैसा करने में सक्षम हैं, उनके एजेंडा पर तो यह समस्या नजर ही नहीं आती। यह शुतुरमुर्गी रवैया नागरिकों की सेहत के साथ ही दुनिया में देश की साख भी संकट में डाल रहा है।

## कर्मों से उपार्जित सुख




संकलित

दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित

प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आयुष्मान योजना पर राजनीति न हो

इस बार की दीपावली देश के हर वर्ग के 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए लगभग पांच लाख का मुफ्त इलाज आयुष्मान योजना के रूप में खुशी की रोशनी लेकर आई है। खास तौर पर गरीब परिवार के बुजुर्गों के लिए केंद्र सरकार की यह योजना वरदान साबित हो सकती है, लेकिन दुख की बात है कि कुछ राजनेता इस योजना पर भी राजनीति कर रहे हैं। जबकि होना यह चाहिए कि हर राज्य, चाहे वहां किसी भी राजनीतिक दल की सरकार क्यों न हो, को आमजन को इस योजना से मिलने वाले लाभ को मिलजुल कर पहुंचाना चाहिए। अगर किसी राज्य सरकार को इसमें कोई कमी नजर आती है, तो उसे अपने तरीकों से दूर भी करना चाहिए। अगर कोई राजनेता इस योजना पर राजनीति करता है तो वह यह न समझे कि इससे अपनी वोट बैंक की राजनीति में वह कामयाब हो जाएगा।

*– संस्कार पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड

### हमलों पर जल्द लगे रोक



श्रीनगर के 'संडे मार्केट' में निर्दोष खरीदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। सुरक्षा तंत्र को हमलों की इस तेजी को जल्द से जल्द ख़त्म करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के जीवन जी सकें।

-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

### पहला वोट काम के नाम पर



ऐसे बहुत से बच्चे हैं जो दिल्ली के सरकारी स्कूलों से निकलकर अपने उज्जवल भविष्य की तरफ़ बढ़ रहे हैं। वे सभी दिल्ली की शिक्षा क्रांति के सबसे बड़े गवाह हैं। ऐसे सभी युवा वोटरों से मेरी अपील है कि अपना पहला वोट काम के नाम पर दें, हमें और काम करने की शक्ति दें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### आत्ममंथन की जरूरत



घरेलू मैदान पर 3-0 से हारना एक बड़ी चुनौती है और इसके लिए आत्ममंथन की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या यह मैच अभ्यास की कमी थी?

-सचिन तेंदुलकर, पूर्व क्रिकेटर

### आपका अपना आत्ममूल्य



आपका आत्ममूल्य आपका अपना है। जिस क्षण आप यह देखेंगे कि दूसरों की आंखों में आपका मूल्य झलक रहा है। आप हमेशा संदेह में रहेंगे क्योंकि अन्य लोग केवल आपके प्रति स्वयं के मूल्य की कमी को प्रतिबिंबित कर रहे हैं.

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### रूस के साथ खड़ा हुआ उत्तर कोरिया, अमेरिका की चेतावनी

उत्तर कोरिया ने कहा कि वह रूस के साथ उस वक्त तक खड़ा रहेगा, जब तक कि उसे यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल नहीं हो जाती। मॉस्को पहुंचे प्योंगयांग के विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जबकि अमेरिका ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में हजारों उत्तर कोरियाई सैनिक यूक्रेन के साथ जंग में भेजे जा सकते हैं। उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई की मॉस्को यात्रा और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ उनकी मुलाकात पेंटागन के इस बयान के बाद हुई है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए करीब 10,000 सैनिक रूस में तैनात किए हैं।



## ऑफ बीट

### एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई

एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है।



संक्षेप

## दिनदहाड़े एनएच पर पंप कैशियर से 6 लाख लूटे

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में नेशनल हाईवे पर बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक पेट्रोल पंप के कैशियर से लूट की घटना को अंजाम दिया। तीन नकाबपोश बदमाशों ने कैशियर से लगभग छह लाख रुपए लूट लिए। इस दौरान कैशियर के साथ जा रहे सिक्योरिटी गार्ड के साथ भी बदमाशों ने हाथापाई की, जिसमें सिक्योरिटी गार्ड पर पेचकस से वार किए गए। दो राउंड फायरिंग भी की। यह घटना तड़का होटल के पास स्थित भारत पेट्रोल पंप की है। कैशियर जबर सिंह और सिक्योरिटी गार्ड सोमपाल सिंह ने एसबीआई बैंक में छह लाख रुपए जमा करने के लिए बाइक से यात्रा शुरू की थी। भानपुर रेलवे फाटक के अंडरपास के पास घात लगाए तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया, बाइक की चाबी निकाल ली और नगदी से भरा बैग लूटने लगे। सिक्योरिटी गार्ड ने विरोध किया, जिसके बाद बदमाशों ने उन पर हमला किया। सिक्योरिटी गार्ड ने आत्मरक्षा में दो राउंड फायरिंग की, लेकिन फिर भी बदमाश नगदी से भरा बैग लूटकर भागने में सफल रहे। घटना के तुरंत बाद भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

घायल सिक्योरिटी गार्ड को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए काबिंग शुरू कर दी है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## अमरोहा डीएम-एसपी ने तिगरी मेले की तैयारियों का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा डीएम-एसपी ने गंगा तिगरी मेला की तैयारियों का मौके पर जाकर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने घाटों के निर्माण और बल्लियां लगाए जाने पर जोर दिया। कहा की घाटों में लगाई जाने वाली बल्लियां मजबूत तरीके से लगाई जाए। सेक्टर व घाटों के जो नाम रखे जाए। उनको रेडियम प्लेट से लगाए। ताकि वह दूर से दिखाई दे। उन्होंने मेला आवंटन अधिकारी भगत सिंह को निर्देश दिए कि मेला परिसर में कैंप कर जो भी अपने टेंट लगा रहे हैं। उनका सही प्रकार आवंटन करें। ताकि मेला व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। डीएम निधि गुप्ता ने गंगा में बल्ली एवं टीन से बैरिकेडिंग करने वाले ठेकेदार को निर्देश दिए कि इस प्रकार कार्य किया जाए। जिससे किसी प्रकार की अनहोनी ना हो। सेफ्टी पॉइंट का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने गंगा मेले में नाव की व्यवस्था, गोताखोरों की व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की। साथ ही कहा कि समय से पहले उक्त कार्य पूरे कर लिए जाए। जिलाधिकारी ने मेला परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक प्रकार हो। इसलिए अधिशासी अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करें। मेला परिसर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति होती रहे। इसका विशेष का ध्यान रखा जाए।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज में किया गया। इसमें ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। दौड़, खो-खो, कबड्डी, लम्बी कूद में कई विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए झंडी दिखाकर किया। खबर लिखें जाने तक प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम चांदबाबू चौगोड़वा, द्वितीय अहमदरजा जमुनहा बाबागंज, तृतीय गोलू रामनगर सेमरा,100 मीटर दौड़ प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग में प्रथम अहमद रजा जमुनहा बाबागंज, द्वितीय उमेश कुमार रामनगर सेमरा, तृतीय इरफान अली चौगोड़वा, बालिका वर्ग में प्रथम काजल जमुनहा बाबागंज, द्वितीय नीलम चौगोड़वा, तृतीय सायमा चरदा, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम सुफियान चौगोड़वा, द्वितीय नसीम जैतापुर, तृतीय करीम चरदा, 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम शाहीन जमुनहा बाबागंज, द्वितीय सोनम कल्याणपुर, तृतीय मगमा चौगोड़वा, कबड्डी उच्च प्राथमिक स्तर में बालक-बालिका वर्ग में चरदा ने बाजी मारी। जबकि ब्लॉक स्तर पर न्याय पंचायत चौगोड़वा 51, जमुनहा बाबागंज 40, कल्याणपुर 22, चरदा 21, रामनगर सेमरा 10, केवलपुर 05, जैतापुर 03 पॉइंट पर काबिज रहा। बीईओ राधेश्याम वर्मा ने बच्चों के खेल कौशल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके साथ ही कहा कि हमारी हार्दिक इच्छा है कि ब्लॉक नवाबगंज का विजय रथ आगामी क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद में सर्वोच्च स्थान तक पहुचे। कार्यक्रम कों अपने परिश्रम एवं लगन से सफल बनाने हेतु सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, खेल शिक्षकों का आभार जताया। तत्पश्चात राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण विकास के लिए खेलो में प्रतिभाग महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। नवाबगंज क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से पिछड़ा है लेकिन यहाँ प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है।इस मौके पर शिक्षक विनोद गिरि, जीतेन्द्र शर्मा, सजल मिश्रा, अनीश चौधरी, प्रदीप सिंह, दिनेश पटेल, प्रदीप त्रिपाठी, विनय सिंह, जंगली प्रसाद, त्रिलोकीनाथ, करुणाकृष्ण श्रीवास्तव, संतोष यादव, विकास वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, सुग्रीव वर्मा, अवधेश त्रिपाठी, दिल मोहम्मद, राजीव मौर्या, सचिनराय, विपुल सिंह, सरवन वर्मा आदि उपस्थिति रहे।

## अज्ञात कारणों से फूस के मकान में लगी आग, गृहस्थी जलकर हुई राख



### ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर पाया आग पर काबू

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवादापूरे कस्वाती के मजरा महतौपुरवा निवासी राजू यादव पुत्र जमींदार के फूस के मकान में मंगलवार की सुबह करीब 10:30 पर अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घर के सभी लोग खेत में धान की फसल काटने गए थे। आस पास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया सूचना राजस्व विभाग को दे दिया गया है। जिस पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने आग से हुए नुकसान का आकलन का जल्द ही शासन द्वारा देय सहायता राशि दिलाने की बात कही है। वहीं ग्राम प्रधान ने पीड़ित को अति आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई है।

## खाद के स्टॉक में मिला अंतर तो लाइसेंस किया निलंबित

### एसडीएम के साथ कृषि विभाग की टीम ने की जांच

अमन लेखनी समाचार

निलंबित

कैसरगंज,बहराइच। कैसरगंज के बरखुरद्दारापुर में संचालित खाद की दुकान का मंगलवार को एसडीएम और अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया। स्टॉक और गोदाम में उपस्थित खाद में खामियां मिली। जिस पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।कैसरगंज तहसील के बरखुरद्दारापुर में संचालित जियाउद्दीन खाद बीज भण्डार का निरीक्षण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार ब्रह्मादीन यादव भी उपस्थित रहे। जांच में दुकान संचालक जियाउद्दीन द्वारा खाद की उपलब्धता और स्टॉक की सही जानकारी नहीं दी गई। पीओएस मशीन से रिकॉर्ड की जानकारी और भौतिक स्टॉक में बड़ी खामियां पाई गईं। निरीक्षण में एनपीके की 61 बोरी, जिंक युक्त सिंगल सुपर फास्फेट की 108 बोरी और डीएपी की 10 बोरी का अंतर मिला।यह अंतर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के नियमों का उल्लंघन है। उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए जियाउद्दीन का उर्वरक प्राधिकार पत्र ( लाइसेंस ) निलंबित कर दिया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सहकारी और निजी उर्वरक दुकानों की हफ्ते में दो बार स्टॉक जांच के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।

## कड़सर बिटोरा में महीनों से खराब पड़ा नल, ग्रामीणों को पानी की किल्लत

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विकास खण्ड के कड़सर बिटोरा गांव में महीनों से खराब पड़े नलों के चलते ग्रामीणों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में लगे सरकारी नल कई महीनों से खराब हैं, लेकिन अब तक किसी ग्राम सचिव बीडीओ प्रधान ने इसे ठीक कराने की कोई पहल नहीं की है।

**ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या के समाधान के लिए कई बार ग्राम प्रधान, सचिव और बीडीओ से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला। कोई भी अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इस बीच, गर्मी के दिनों में पानी की मांग बढ़ने से हालात और भी खराब हो गए हैं, और लोगों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द नलों की मरम्मत करवाने की मांग की है ताकि पानी की इस समस्या से निजात मिल सके।**

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया धन क्रय केंद्र का उद्घाटन

### सभी किसानों का बगैर कोई परेशानी के हो धान की खरीदः आलोक प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आलोक प्रसाद आई ए एस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कैसरगंज ने बुधवार के दिन नवीन गल्ला मंडी कैसरगंज में धान खरीद केंद्र का उद्घाटन किया। ढ0ढ मौके पर मौजूद किसानों का फूल माला डालकर स्वागत भी किया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद ने बताया कि क्रय केंद्र पर आए हुए सभी सम्मानित किसान भाइयों का पूरी जिम्मेदारी व ईमानदारी के साथ धान की खरीद किया जाएगा किसी भी अन्नदाता को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी किसानों से ज्यादा से ज्यादा तादाद में धान को अपने सरकारी केंद्र ही बेचे ताकि उनका समय से भुगतान किया जा सके। इस मौके पर नायब तहसीलदार ब्रह्मदिन यादव एवं राजस्व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं का कोर्ट बहिष्कार जारी

### एसडीएम पर अव्यवहारिक आचरण का आरोप

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्रा की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर जुलूस निकालकर उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के व्यवहार का विरोध जताया। अधिवक्ताओ का आरोप है कि एसडीएम अधिवक्ताओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस घटना के विरोध में पिछले सितम्बर से कोर्ट का बहिष्कार किया जा रहा है जो स्थानान्तरण होने तक जारी रहेगा।बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने इस मामले को संज्ञान में लिया है और जल्द ही कोई निर्णय आने की संभावना है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, वेद प्रकाश सिंह, विजय प्रताप सिंह, मो. नसीब खाँ, बालक राम सरोज, मनोज कुमार सिंह, दयाराम यादव, सतीश यादव, भानु प्रताप सिंह, योगेश मिश्रा, शिवम सिंह, राहुल वर्मा, देशराज पाल, जयचंद वर्मा, अंकित चौधरी, सिराज अहमद, विनोद कुमार शुक्ला, वीरेंद्र पांडे, सहीम अहमद, अनवार अहमद, जियाउद्दीन कादरी, माधवराज, और गिरीश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## बिटोरा गांव में 10 वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क, ग्रामीणों को बरसात में हो रही परेशानी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाली कड़सर बिटोरा मे बिटोरा गांव के अंदर पिछले 10 वर्षों से खराब जाने वाली मुख्य सड़क से रोड जर्जर हालत में पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों और टूट-फूट से भरी इस सड़क के कारण रोजाना आने-जाने में दिक्कत होती है। खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब पानी भर जाने के कारण कीचड़ और जलभराव से मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। और गांव मुख्य रोड पर नालियां बजबजा रही, जिससे गांव में बदबू और मच्छरों की समस्या बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया है। गांव के निवासियों ने बीडीओ को एक प्रार्थना पत्र भी दिया, जिसमें उन्होंने इंटरलॉकिंग सड़क की मांग की, ताकि उन्हें आवाजाही में सहूलियत मिल सके। इसके बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान, सचिव और अन्य संबंधित अधिकारी उनकी समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं और हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर टाल दिया जाता है।

**ग्रामीणों का आरोप है कि विकास योजनाओं में इस सड़क का उल्लेख किया गया था, लेकिन कार्यान्वयन में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने अधिकारियों से अपील की है कि इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। उनका कहना है कि सड़क की मरम्मत नाली और इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए, ताकि वे आने वाले समय में इस कठिनाई से निजात पा सके।**

## गन्ना किसानों ने दिया प्रशासन को अल्टीमेटम

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मसौधा व अकबरपुर चीनी मिल से जोड़े जाने का मामला

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में प्रशासन द्वारा चीनी मिलों के आवंटन में बदलाव के बाद किसान नाराज हैं। दर्जनों की संख्या में नाराज किसानों ने डीएम ऑफिस पहुंचकर विरोध जताते हुए एडीएम को एक मांगपत्र सौंपा। इस विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने भी किसानों का साथ दिया है। पटना, धनपतगंज, सेमरी और विरसिंहपुर के किसानों ने सहकारी चीनी मिल सुल्तानपुर के बैनर तले मांग-पत्र तैयार कर प्रशासन को सौंपा। बताया गया कि पटना और धनपतगंज के किसानों को मसौधा की मोतीनगर चीनी मिल और सेमरी तथा विरसिंहपुर के किसानों को अकबरपुर चीनी मिल आवंटित की गई है। इससे किसानों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं, क्योंकि नई चीनी मिलों तक जाने के लिए उन्हें अधिक दूरी तय करनी होगी। किसानों का कहना है कि पहले ये क्रय केंद्र सुल्तानपुर चीनी मिल से जुड़े थे, जहां किसानों को केवल 15 किमी की दूरी पर गन्ना बेचने की सुविधा थी। अब, मसौधा और अकबरपुर चीनी मिलों से जुड़ने के बाद यह दूरी 35-40 किमी हो गई है। पूर्व प्रमुख उमेश सिंह की पत्नी और सहकारी चीनी मिल सुल्तानपुर की उपाध्यक्ष रेनू सिंह ने कहा कि चारों क्रय केंद्रों को फिर से सुल्तानपुर चीनी मिल से जोड़ा जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक समस्याओं का सामना न करना पड़े।

किसान यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 15 नवम्बर से तिकोनिया पार्क में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों के अनुसार, चीनी मिल बदलने से उनकी लागत बढ़ रही है, और इससे उनकी मेहनत पर असर पड़ रहा है।

# सपा नेता पर जमीन कब्जाने का आरोप

### बहू है गांव की प्रधान, पूर्व प्रधान ने तहसील दिवस में की शिकायत

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में एक सप्ताह पहले तहसील परिसर में पूर्व प्रधान और उसके बेटे से मारपीट करने वाले जेल में बंद सपा नेता की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। पूर्व ग्राम प्रधान ने आज तहसील दिवस में सपा नेता पर गांव में बड़ी संख्या में जमीनों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पूर्व प्रधान ने डीएम निशा अनंत को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मौजूदा समय में सपा नेता की बहू गांव की प्रधान है। दरअसल एक सप्ताह पहले तहसील परिसर में मुकदमे के सिलसिले में आए गंगौली के पूर्व ग्राम प्रधान रामजस यादव पर सपा नेता शिव प्रताप यादव और उसके बेटे ने प्रदीप यादव ने हमला कर दिया था। मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। अब पूर्व ग्राम प्रधान रामजस यादव ने डीएम को तहसील दिवस में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि सपा नेता शिव प्रताप यादव उनके बेटे प्रदीप यादव और बहू ग्राम प्रधान अर्चना यादव ने गांव की तालाबी और सरकारी जमीन पर कब्जा करके अतिक्रमण किया है। शिकायती पत्र में बताया गया कि सपा नेता ने गंगौली चौराहे पर तालाब गाटा संख्या 2289,2290,2291 बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा किया है। गंगौली चौराहे के पास ही अमहा रोड पर गाटा संख्या 2286 और 2284 बंजर और नवीन परती अवैध निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान अर्चना यादव द्वारा तालाब की गाटा संख्या 2259 पर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया है। गांव के ही गाटा संख्या 967 तालाब पर बाउंडरी वाल बनवाया गया है। गाटा संख्या 1202 खलिहान के नाम से दर्ज है, जिस पर प्रधान प्रधानपति और प्रधान ससुर द्वारा बाउंड्रीवाल बनवाकर अवैध कब्जा किया गया है। ग्राम सभा की गाटा संख्या 1200 और 1201 जो वृक्षारोपण और सामान्य आबादी में दर्ज है, उस पर ग्राम प्रधान द्वारा कब्जा कर बाउंड्री वाल बनवाया गया है। पूर्व ग्राम प्रधान रामजस यादव ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए ग्राम प्रधान,ग्राम प्रधानपति और ग्राम प्रधान ससुर से गांव की सरकारी भूमि,तालाब, बंजर,नवीन परती को खाली करवाने की मांग की है।

# मीडिया कर्मियों का प्रदर्शन

- एएनआई के पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या के विरोध में उठाई मांगें

अमन लेखनी समाचार



बांदा, फतेहपुर में एएनआई के मीडिया कर्मी दिलीप सैनी की निर्मम हत्या के बाद मीडिया समुदाय में आक्रोश का माहौल है। इस बीच, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के बैनर तले मीडिया कर्मियों ने आज कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 6 मुख्य मांगें भी रखी हैं और ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बांदा के जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप को सौंपा है। प्रदर्शन के दौरान मीडिया कर्मियों ने बताया कि 31 अक्टूबर 2024 को फतेहपुर निवासी दिलीप सैनी की हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा, हमीरपुर में दो मीडिया कर्मियों को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। लेकिन प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे मीडिया कर्मियों में गुस्सा है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने कहा कि मीडिया कर्मियों के साथ आए दिन ऐसी अप्रिय घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा नहीं होता। परिषद के अध्यक्ष मदन गुप्ता ने मीडिया कर्मियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए 6 मुख्य मांगें प्रस्तुत की हैं। इनमें सबसे पहली मांग है कि फतेहपुर में हुए मीडिया कर्मी की हत्या पर सरकार से 5 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की गई है। इसके साथ ही, मीडिया कर्मियों की सुरक्षा के लिए नया कानून बनाने की जरूरत बताई गई, ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

प्रदर्शन में शामिल मीडिया कर्मियों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई और कहा कि देश के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया कर्मियों को उचित सुरक्षा और सम्मान मिलना चाहिए।

## बिहार के डाला छठ की सुलतानपुर में धूम

### सीताकुंड धाम पर पूजन योग्य तैयार होने लगी वेडदी, साफ-सफाई और पुताई शुरू

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, बिहार राज्य का प्रमुख पर्व डाला छठ की धूम अब यूपी के सुलतान में भी देखी जाती है। डाला छठ की पूजा आगामी को है। यहां सोमवार से गोमती घाट के तट पर श्रदालुओं ने दस्तक देना शुरू कर दिया। यहां लोग अपनी वेदियों को साफ-सफाई और पुताई कर के पूजा योग्य बना रहे। इस पूजा में महिलाएं 4 दिन का कठोर व्रत रखती हैं और सूर्य भगवान की प्रार्थना करती हैं कि उनके पुत्र को भगवान अपने तेज की तरह मजबूत और स्वस्थ रखे और दीघार्यु करें। इस पर्व में माता अपने पुत्र के लम्बी उम्र और सम्पन्नता के लिए रखती है। इस पर्व में महिला छठ पूजा के एक दिन पहले ढलते सूरज यानी सूर्यास्त के समय भगवान सूर्य को अर्घ देती हैं, दूसरे दिन यानि छठ वाले दिन सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को अर्घ देकर अपने पुत्रों की लम्बी उम्र की प्रार्थना भगवान सूर्य से करती हैं। इस पूजन में सूर्य भगवान को तरह-तरह के भोग चढ़ाए जाते हैं, छठ के दिन आदि गंगा गोमती के तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। विधिवत मंत्रोचारण के साथ छठ की पूजा अर्चना करते है। पर्व के जानकार अवनीश कुमार सोनी ने बताया कि 7 तारीख को ढलते सूरज और आठ तारीख को उगते सूरज को अर्घ दिया जाएगा।

# शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक शॉप में आग

- 1 करोड़ का सामान राख, फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने आग बुझाई; एक फायरकर्मी घायल

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा जिले में शॉर्ट सर्किट के कारण एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लगने की घटना सामने आई है। यह घटना शहर कोतवाली इलाके के कालू कुआं तिंदवारी रोड स्थित चौधरी इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर रात करीब 8 बजे हुई। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने दुकान संचालक और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचित किया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और पूरी दुकान धू-धू कर जलने लगी। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने के दौरान एक फायर कर्मी, दशरथ सिंह, जहरीले धुएं की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुकान के संचालक ने बताया कि इस आग से लगभग 1 करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया है। घटना की जानकारी देते हुए सीएफओ मुकेश कुमार ने कहा कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई, लेकिन आग की भीषणता को देखते हुए उन्हें 2 बड़े ट्रकों और 3 छोटी गाड़ियों की सहायता लेनी पड़ी। गौरतलब है कि इस बड़ी घटना में किसी के हताहत न होने की बात राहत की है, लेकिन आग के कारण हुए नुकसान ने व्यापारियों में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# संक्षेप

## विधानसभा के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में सुबह विधानसभा के सामने एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। समय रहते उसको पकड़ लिया गया, जिससे वह खुद को आग नहीं लगा पाई। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर मेडिकल कराने के लिए सिविल अस्पताल ले गई। बताया जा रहा है कि दबंगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से महिला नाराज है। हजरतगंज थाना पुलिस के अनुसार महिला गाजियाबाद से आई है। स्थानीय थाने पर सुनवाई नहीं होने के चलते लखनऊ पहुंची थी। विधानसभा के सामने लगभग साढ़े 11 बजे महिला ने प्लास्टिक केन में लाया ज्वलनशील पदार्थ अपने ऊपर डालने की कोशिश की। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद आत्मदाह निरोधी दस्ते ने तुरंत महिला को पकड़ लिया। वहीं हजरतगंज थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक महिला का नाम ममता है। वह गाजियाबाद के लोनी देहात की रहने वाली है। गांव में उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। महिला ने इसकी स्थानीय थाने में शिकायत की थी। कार्रवाई नहीं होने पर लखनऊ शिकायत करने आई थी। स्थानीय पुलिस से संपर्क कर मामले की जांच की जा रही है।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के किठौर में दुकान से खरीदा आटा वापस न करने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट के दौरान धारदार हथियार चल गए। पथराव भी हुआ। जिसके चलते इलाके में भगदड़ मच गई। मारपीट और पथराव में दोनों पक्षों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेज दिया। मोहल्ला व्यापारियान के रहने वाले सलीम ने सुहेल की दुकान से आटे का कट्टा खरीदा था। कट्टे में आटा सही नहीं था उसमें सीलन थी। इस पर सलीम का भतीजा वसीम आटा वापस करने सोहेल की दुकान पर पहुंच गया। जहां सुहेल ने आटा वापस करने से इन्कार कर दिया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। मामले की जानकारी वसीम ने अपने चाचा सलीम और अन्य परिवार के लोगों को दी। जिसके बाद परिवार के लोग सुहेल की दुकान पर पहुंच गए। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद पथराव शुरू हो गया। कुछ देर बाद धारदार हथियार भी दोनों पक्षों के बीच चलने लगे। पथराव के चलते इलाके में भगदड़ मच गई। मारपीट और पथराव से एक पक्ष के खालिद व शाहरुख घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से शकील गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेज दिया। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# शॉर्ट सर्किट से खड़ी बस बनी आग का गोला, नकदी और सामान जल कर राख

### बस दिल्ली के बदरपुर से बिहार जा रही थी ,जिसमे 100 यात्री सवार थे

अमन लेखनी समाचार





गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के चकिया स्थित केसर ढाबा के सामने दिल्ली से बिहार जा रही बस में शार्ट सर्किट से आग लगने से पूरा बस जल कर खाक हो गया। तथा यात्रियों के रखे नकदी और सामान भी खाक हो गया। मिली जानकारी से छठ पर्व को देखते हुए दिल्ली के बदरपुर से बस करीब 100 यात्रियों को ठुसकर बिहार के लिए चली थी। बस के अंदर 56 सीट थी। अधिकतर यात्री स्टूल पर बैठ कर यात्रा कर रहे थे। दोपहर में बस सहजनवां थाना क्षेत्र के चकिया स्थित केसर ढाबा पर रुकी सभी यात्री ढाबे पर नाश्ता करने चले गए। उसी दौरान बस धू -घु कर जलने लगी। बस में निकलती आग को देखते यात्री और मौजूद लोग भयभीत हो गए। और पुलिस को सूचना दिए। एसओ विशाल उपाध्याय अपने हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और फायरबिग्रेड को सूचना दिए। दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इस दौरान दो मंजिला बस जल कर खाक हो गया। और यात्रियों का बस में रखा नकदी और सामान भी जल कर खाक हो गया। क्षति का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। प्रशासन ने दूसरी बस मंगा कर यात्रियों को बिहार के लिए भेजा। इस संदर्भ एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा कि बस में शार्ट सर्किट से आग लगी है। जिसे बुझा दिया गया है। यात्रियों के नकदी और सामान जल गया है।

# आरएमओ ने क्रय केंद्रों का किए निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सरकार ने किसानों के धान खरीद के लिए जगह जगह क्रय केंद्र खोल रखा है। और जिम्मेदारों को निर्देश दिए है। कि समय समय क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर जो भी कमियां दिखाई दे उसे समय रहते ठीक करा ले। बुधवार को आरएमओ केशरीकांत सिंह ने क्रय केंद्र पाली प्रथम का निरीक्षण किए। यहां दो किसान जय प्रकाश पांडेय 20 कुंतल, डा सिंधु मिश्र 83 कुंतल धान बेचने के लिए आए थे। उन्होंने किसानों से केंद्र पर हो रही समस्या के बारे में जानकारी ली तो किसानों ने बताया कि धान खरीद में कोई समस्या नहीं है। इस दौरा आरएमओ ने क्रय केंद्र पर मौजूद किसानों को फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इसके अलावा आरएमओ ने सहजनवां स्थित क्रय केंद्र प्रथम और द्वितीय का भी निरीक्षण किए यहां 6 किसानों से 150 कुंतल धान की खरीद की गई थी। उन्होंने ने जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि जिन किसानों का सत्यापन हो चुका है। उनकी खरीद तत्काल की जाए। अंगूठा लगा कर उनके खाते में समय से धन मुहैया कराया जाय। इस दौरान डिप्टी आरएमओ अरविंदर दुबे, विपणन निरीक्षक पवन पाल सिंह, विपणन निरीक्षक निधि यादव सहित अनेक किसान मौजूद थे।

# चेयरमैन ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के लोक आस्था के महापर्व छठ के तैयारी को लेकर चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने प्रशासनिक अधिकारी अमित नायक के साथ नगर पंचायत घघसरा के सभी वार्डो के पोखरे व घाटों का निरीक्षण करते हुए बिजली व्यवस्था को जांचा परखा। उन्होंने नगर के हनुमंत नगर ,शहीद जेठू नगर, अटल नगर, डुमरी, परशुराम नगर, दीनदयाल नगर, अमर सिंह नगर, विंध्यवासिनी नगर ,बिजौवा ,अंबेडकर नगर सहित सभी वार्डो में कर्मचारियों को पर्व के सभी पुख्ता इंतजाम जल्द कर लेने का निर्देश दिया। और सभी वार्डो में देखरेख के लिए कर्मचारियों की टीम गठित किया। जिसको अपने अपने वार्डो में व्यवस्था को सुचारू रूप से कर सके। जिस दौरान पूर्व प्रमुख कुंवर सिंह, अखिलेश गुप्त, हरिकेश मौर्य, राकेश सहित आदि लोग रहे।

# प्रधान ने मचाया तांडव दरवाजे पर चढ़ कर पीटा चार घायल पुलिस ने दर्ज किया केस

### पीड़ित के दरवाजे पर प्रधान बजा रहा था डीजे मकान के अंदर फेका रहा था पटाखा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के डोमहर माफी प्रधान मंजीत सिंह एक परिवार पर कहर बन कर टूटा और पीड़िता और उसके स्वजन को पीट कर अधमरा कर दिया। महिला की हालत गम्भीर होने पर मेडिकल कालेज में उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी से ग्राम पंचायत डोमहर माफी प्रधान मंजीत सिंह रात्रि में अपने समर्थकों के साथ मूर्ति विसर्जन करने के लिए ले जा रहा था। गांव के एक विरोधी के दरवाजे के सामने डीजे से अश्लील गाना तेजी से बजा रहा था और अपने समर्थकों के साथ मिलकर पटाखा भी विरोधी के घर फेंक रहा था। जिसका विरोध घर मौजूद लड़के ने किया। इसके बाद प्रधान मंजीत सिंह, अजीत सिंह, विशाल सिंह, अम्बर,, प्रदीप, रजत और तीन चार की संख्या में अज्ञात लोग लड़के पर लाठी डंडे हाकी से हमला कर दिया। बचाव करने आई महिला परमशीला 55 वर्ष को मारपीट कर अधमरा कर दिया। मनबढ़ो ने अरविंद सिंह 52 वर्ष, प्रिंस 16 वर्ष, अभिमन्यु 25 वर्ष को मारपीट कर घायल कर दिए। परमशीला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अरविंद सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज लिया गया है। प्रधान सहित आधा दर्जन लोगो को पाबंद किया गया है।

## आज चार घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। विद्युत उपकेंद्र सहजनवा तहसील के अंतर्गत टाउन फीडर पर जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाएगा जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसके संबंध में वृहस्पतिवार को प्रातः 6:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक विद्युत सप्लाई की बाधित रहेगी विद्युत सप्लाई सहबाजगंज भगौरा पटखौली गाहासाड की बाधित रहेगी।

# मेरठ के किठौर में छह घरों में चोरी

### नकदी समेत लाखों का माल ले गए, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र स्थित गांव नित्यानंदपुर में चोरों ने छह घरों को निशाना बनाया। चोर इन घरों से मोबाइल और एक घर से बेटी की शादी के लिए रखे सोने चांदी के जेवरात और कीमती कपड़े चोरी कर ले गए। घटना के बाद चोर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। चोर जाते समय गांव के मुर्गी फार्म से बाइक भी चोरी कर ले गए। गांव नित्यानंदपुर के रहने वाले गफ्फार की बेटी की 6 नवंबर को बारात आनी है। घर में शादी की तैयारी चल रही है। रविवार देर रात गफ्फार के घर में चोर घुस गए और घर में रखी 47 हजार की नकदी सहित लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात कीमती कपड़े मोबाइल आदि सामान चोरी कर लिया। चोरों ने शादी में देने के लिए लाई गई बाइक का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। गफ्फार के घर में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर नाजिम के घर पहुंच गए। वहां से उन्होंने एक भैसा चोरी कर लिया। उसके बाद चोरों ने गांव के प्रधान के घर को निशाना बनाया। प्रधान नौशाद के घर से दो मोबाइल चोरी कर लिए। यहां से चोर हसीन के घर पहुंचे वहां से तीन हजार रुपए और एक मोबाइल ले गए। शेर मोहम्मद के घर से दो मोबाइल, मतीन के घर से दो मोबाइल और डॉ. जुल्फेकार के घर से एक मोबाइल चोरी कर लिया।

# हाईवे पर ट्रक और कार की टक्कर

- दोनों गाडड़ियों में लगी आग, चार झुलसे; सीएनजी सिलेंडर फटने से हादसा

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बागपत जिले में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर लधवाड़ी मोड के समीप एक कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में आग लग गई। यह घटना तब हुई जब कार चालक ने ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। दुर्घटना में कार का सीएनजी सिलेंडर लीक हो गया, जिससे कार और ट्रक में आग लग गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना दिल्ली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक द्वारा ओवरटेक के दौरान हुई। ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार का सीएनजी सिलेंडर फट गया और आग लग गई। आग लगने से कार और ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इस दुर्घटना में ट्रक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि कार का चालक भी घायल हुआ है। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटा दिया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा ओवरटेक करते समय हुआ जब ट्रक ने कार की बाईं साइड में टक्कर मारी। लोगों का कहना है कि सड़क पर सावधानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

### दीपावली की रात में मनबढ़ों ने दम्पति को लाठी डंडे और गड़ासे से किया था हमला, 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के दुल्हेपुर गांव में एक बार फिर से दबंगई का मामला सामने आया है। शनिवार को पुलिस ने दो आरोपियों दीपक सरोज उर्फ दीपू और नवल सरोज पुत्रगण लालजी सरोज को राजेपुर मतुला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

ये गिरफ्तारी शुक्रवार रात दुल्हेपुर में हुई मारपीट की घटना से जुड़ी है, जिसमें गांव के ही मनबढ़ों ने एक दंपति पर बेरहमी से हमला किया था। रात दुल्हेपुर निवासी आशीष चौबे अपने घर के बाहर भोजन कर रहे थे, जब अचानक गांव के लालजी सरोज और उनके बेटों ने उन पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। पति को बचाने दौड़ी पत्नी रेखा चौबे को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और लाठी-डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। शोरगुल सुनकर उनका बेटा जयेश भी बचाने के लिए आगे आया, परंतु उसे भी बुरी तरह से पीटा गया। गांववालों के विरोध और दौड़ाने पर हमलावर वहां से भाग निकले। घायल आशीष और उनकी पत्नी रेखा की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय से बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया।

इस मामले में आशीष ने जफराबाद थाने में लालजी सरोज, उनके चार पुत्रों और करन सरोज के खिलाफ गंभीर धाराओं में तहरीर दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में दीपक सरोज और नवल सरोज को शनिवार को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का दबिश अभियान जारी है।

# तालाब में गंदगी का अम्बार

- छठ पर महिलाएं करेंगी पूजा, सफाई न होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र के विकास खंड नगवा के ग्राम पंचायत दुबेपुर में छठ पूजा की तैयारी के बीच घाट और तालाब की सफाई न होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने छठ घाट पर प्रदर्शन कर सफाई कर्मी, ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों, सुनील पांडेय और अभिषेक ने बताया कि छठ घाट और तालाब में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई को लेकर कई बार सफाई कर्मी और ग्राम प्रधान को सूचित किया गया, लेकिन अब तक सफाई नहीं करवाई गई है। बाबूलाल और विक्रांत सिंह ने कहा कि छठ पूजा के दौरान सैकड़ों महिलाएं इस तालाब पर पूजा करती हैं, लेकिन गंदगी और दुर्गंध के कारण इस बार परेशानी हो रही है। गांव में आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीण चाहते हैं कि सफाई जल्द से जल्द हो। ग्रामीणों का कहना है कि जब ग्राम प्रधान और सफाई कर्मियों से कहा गया, तो किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी नगवा से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन में धनंजय, अभिषेक सिंह, सुल्तान अली, कन्हैया सिंह, सुभाष, सुनील पाठक, मनोज और विक्रांत सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

# शाहजहांपुर में भाजपा विधायक ने डीएम को लिखा पत्र

### राशन वितरण पर उठाए सवाल, लिखा- शासन के निर्देशों का पालन नहीं हो रहा

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में मिट्टी मिला खाद्यान्न वितरण के मामले में कुछ ही दिन पहले शासन ने 6 अधिकारियों को निलंबित किया था। अब ददरौल विधानसभा से भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने डीएम पत्र लिखकर बताया कि शासन ने निर्देश दिए थे कि उचित दर विक्रेता को खाद्यान्न की संपूर्ण मात्रा और गुणवत्ता की पुष्टि के साथ मिलान के लिए पूर्ति निरीक्षण और विपणन निरीक्षक डिलीवरी स्थान पर कराएंगे। विधायक ने अधिकारियों की ड्यूटी की सूची और पूरा विवरण मांगा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सितंबर 2022 में शासन ने निर्देश दिए थे लेकिन ददरौल विधानसभा क्षेत्र में अब तक उसका पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले इसी लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण उपभोक्ताओं को मिट्टी मिला राशन वितरण किया गया था। विधायक ने संबधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई के साथ मुकदमा दर्ज कराने की मांगे की है। ददरौल विधानसभा से भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने डीएम को लिखे पत्र में बताया कि शासन ने निर्देश दिए थे कि उचित दर विक्रेता को परिवहन हैंडलिंग ठेकेदार प्राप्त कराई गई खाद्यान्न की संपूर्ण मात्रा एवं उपयुक्त गुणवत्ता की पुष्टि का मिलान संबन्धित पूर्ति निरीक्षण और विपणन निरीक्षक खाद्यान्न के डिलीवर स्थान पर कराएंगे। वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक उचित दर की दुकान पर किसी अधिकारी की ड्यूटी के दौरान गुणवत्ता जांची गई हो तो उसकी आख्या रिपोर्ट मांगी है। विधायक ने पत्र में लिखा कि जानकारी मिली है कि इस अवधि के बीच शासनादेश के बिंदू का कोई भी अनुपालन इस जिले या मेरी विधानसभा क्षेत्र सदर तहसील में बिल्कुल भी नहीं किया गया।

# पुलिस चौकी से 50 मीटर दूर दुकान में चोरी

- खुलासा न होने पर दुकानदार का धरना, बोला-लगातार तीसरी बार चोरी हुई

अमन लेखनी समाचार




बागपत, बागपत के खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र की पाठशाला पुलिस चौकी से मात्र 50 मीटर की दूरी पर स्थित कश्यप फुटवियर शॉप में चोरी की घटना का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। दुकान में 2022 से लेकर अब तक तीन बार चोरी हो चुकी है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई नदारद है। हालात से तंग आकर पीड़ित दुकानदार सुभाष चंद कश्यप ने मंगलवार को दूसरी बार पुलिस चौकी पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, पाठशाला पुलिस चौकी के समीप स्थित कश्यप फुटवियर शॉप में वर्ष 2022 में दो बार चोरी हुई थी और अब 6 अक्टूबर 2024 को फिर से चोरी की वारदात हुई। तीनों ही घटनाओं में पुलिस को शिकायत देने के बावजूद कोई खुलासा नहीं हो सका है। पीड़ित सुभाष चंद लगातार पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिला है। सुभाष चंद कश्यप का कहना है कि इससे पहले भी उन्होंने धरना प्रदर्शन किया था, तब पुलिस ने 5 दिनों में चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिया था। लेकिन, कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में एक बार फिर सुभाष चंद ने स्थानीय दुकानदारों और समाजसेवियों के साथ मिलकर पुलिस चौकी पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। समाजसेवी सुभाष चंद ने कहा, जब तक चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होता, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। पुलिस की निष्क्रियता से सभी दुकानदारों में आक्रोश है और अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी/फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत देर रात को तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पेड़ से जा टकराई जिसके चलते बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि जीवित रहने की आशा पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं इसी दुर्घटना में बाइक में सवार एक अन्य युवक मामूली घायल हुआ।

जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटिलिहा गांव के समीप रिंद नदी पुल के निकट मंगलवार व बुधवार की मध्य रात करीब ढाई बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक में पीछे बैठा अब्दुल हसन उम्र 45 वर्ष निवासी लखईया अजीतपुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई दुर्घटना की जानकारी मिलने पर रात में पुलिस मौके पर पहुंची। जीवित रहने की आशा पर अब्दुल हसन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में बाइक चालक रमजान निवासी जाफरगंज जनपद फतेहपुर ने बताया कि वह अपने मित्र अब्दुल हसन के साथ किसी काम से फतेहपुर जनपद के गाजीपुर कस्बे गया था। वहां से रात में बाइक द्वारा वापस अपने घर जफरगंज आ रहे थे तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई। जिसमें अब्दुल हसन की मौत हो गई है। बताया गया है कि उसे भी हल्की चोट लगी है। वहीं पुलिस ने मृतक के सव को बुधवार की सुबह कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क हादसे में ऑटो सवार 11 लोगों की मौत

## तेज रफ्तार ऑटो पलटा डीसीएम ने रौंदा ऑटो की पुरी छत उड़ गई

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। बिलग्राम। कटरा बिल्हौर मार्ग रोशनपुर गांव के निकट एक ऑटो सड़क पर पलट गया जिसके बाद डीसीएम में ऑटो जा घुसा हादसे में 11 लोगों की मौत हो पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो उछलकर दूर जा गिरा पूरी छत उड़ गई अंदर बैठी सवारियां बाहर आ गई सड़क पर लाशे बिखर गई हादसा बुधवार दोपहर 12:30 का बताया जा रहा है।पुलिस का कहना है ऑटो बिलग्राम की तरफ जा रहा था अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया तभी सामने से आ रही डीसीएम में ऑटो घुस गया डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद 10 लोगों की मौत हो गई पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी नीरज कुमार यादव ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे हादसे की सूचना मिली में मौके पर पहुंचा घायलों को अस्पताल भिजवाया ऑटो में 15 लोग सवार थे इस वजह से हादसा हुआ जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ऑटो घिसटता चला गया रोड पर खून ही खून था प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि ऑटो में 15 सवारी थी वह बहुत तेजी के साथ जा रहा था तभी अचानक सड़क पर पलट गया सामने से आ रही डीसीएम में ऑटो जा घुसा हादसा इतना भयानक था कि हम लोग कुछ समझ नहीं पाए इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई मरने वालों में छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल है। पुलिस ने बताया मृतकों में अभी तक 9 की पहचान हो पाई है माधुरी पत्नी स्वर्गीय राजकुमार 38 वर्ष निवासी माझगांव थाना मल्लावां सुनीता पत्नी आलोक कुमार पटियनपुरवा थाना माधोगंज नीलम पत्नी राजाराम 60 निवासी ग्राम इटोली थाना बिलग्राम आशी पुत्री आलोक 5 वर्ष निवासी पटियनपुरवा थाना माधोगंज सत्यम कुशवाहा पुत्र पप्पू उर्फ जितेंद्र पटेल नगर पूर्वी थाना माधोगंज राधा पत्नी राकेश ग्राम इटोली थाना बिलग्राम निर्मला पत्नी परशुराम ग्राम अल्लीगड़ थाना बिलग्राम विमलेश पुत्र दयाराम सररा थाना सुरसा शिवांजलि पुत्री परशुराम 6 वर्ष निवासी ग्राम अल्लीगढ़ थाना बिलग्राम। घायलों में संजय निवासी पहुतेरा थाना माधोगंज रमेश निवासी अल्लीगढ़ थाना बिलग्राम विमलेश निवासी सररा सफरा आनंद निवासी पहुतेरा शामिल है अभी तक एक घायल की पहचान नहीं हो पाई है। सीएम योगी ने दुख जताया है अफसर को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करवाने के लिए कहा।

# कैंसर पीड़िता पहुंची संघर्ष सेवा समिति कार्यालय, डॉ. संदीप ने की आर्थिक मदद

**अमन लेखनी समाचार**

झाँसी। ललितपुर जनपद की जखौरा निवासी रामकली अहिरवार अपने पुत्र के साथ आज संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची। जहाँ उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वे कैंसर जैसे असाध्य रोग से पीड़ित हैं और उनके पति का स्वर्गवास हो चुका है रामकली के पित्त की थैली में कैंसर है, जिसका इलाज चल रहा है। क्षेत्रीय डॉक्टरों द्वारा उन्हें भोपाल एम्स में इलाज की सलाह दी गई है लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह अपना इलाज कराने नहीं जा पा रही थी। विस्तार से उनकी व्यथा सुनाने के बाद डॉ० संदीप सरावगी ने उन्हें सहायता का आश्वासन दिया साथ ही आवागमन, भोजन और रुकने के लिए आर्थिक सहयोग भी किया इसके बाद रामकली और उनके पुत्र नंदकिशोर ने उन्हें धन्यवाद दिया साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें भी दीं। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है हमें अपने आसपास रह रहे असहायों की सहायता करनी चाहिए आज पीड़ित परिवार हमारे कार्यालय पहुंचा जहां उन्होंने अपनी पूरी समस्या रखी मैंने उन्हें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है इसके साथ ही यदि उनके इलाज में अधिक धनराशि की आवश्यकता पड़ेगी तो संघर्ष सेवा समिति जन प्रतिनिधियों के सहयोग से उन्हें सरकारी निधि दिलाने का भी प्रयास करेगी। इस अवसर पर आनंद कुमार, लोकेंद्र सिंह परमार, सलीम खान, संदीप नामदेव, घमंडी लाल, उत्तम सिंह सरपंच, शिवम, अनुज प्रताप सिंह, अरुण पांचाल, आशीष विश्वकर्मा, महिप सिंह, दीपक सिंह गुर्जर, महेंद्र रायकवार, मास्टर मुन्नालाल, कमल मेहता, राकेश अहिरवार, सुशांत गुप्ता, बसंत गुप्ता, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

# खाद की किल्लत से किसानों ने फिर से हाईवे किया जाम

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों ने एक बार पुनः नेशनल हाइवे जाम लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं अधिकारियों ने समझा बुझाकर कड़ी मशक्कत के बाद आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया। बुधवार को सुबह मौदहा कस्बे के पीसीएफ केंद्र में खाद लेने पहुंचे किसानों ने खाद न मिलने पर नेशनल हाईवे में जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी और देखते ही देखते कानपुर सागर हाईवे पर भीषण जाम लग गया। जाम की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस सहित अधिकारियों ने किसानों को खाद मिलने का आश्वासन देकर किसी तरह जाम खुलवा दिया। गौरतलब हो कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। बीते दिनों कई बार खाद में गड़बड़ी एवं खाद की किल्लत को लेकर किसान हाईवे जामकर प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है और पीसीएस केंद्र प्रभारी पर कोई असर नहीं हो रहा है। जो कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सवाल खड़ा करता है।

# खाद के लिये किसानों की मारामारी समितियों में पंहुचकर लगा रहे गुहार

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। क्षेत्र में रबी की फसल की बुवाई का समय सिर पर आने के बावजूद किसानों को खाद न मिलने से अच्छी खासी नाराजगी है। बुधवार को नगर के खाद केन्द्रों में खाद बँटने की खबर होते ही दर्जनों किसान मंगलवार की रात खरीद केन्द्रो में पहुंच डेरा डाल दिए। केंद्र प्रभारी ने किसानों की संख्या देखते हुए प्रति किसान दो बोरी खाद वितरित की जो किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। फिलहाल खाद न मिलने से क्षेत्रीय किसानों में खासी नाराजगी है।

बताते चलें कि रबी की फसल का बुवाई का समय अपनी चरम सीमा पर चल रहा है लेकिन डीएपी खाद के अभाव में किसान अपनी रबी की फसल बोने से वंचित है। वह खाद पाने के लिए दिन-रात समितियों के चक्कर लगा रहा है। वहीं सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति न होने से किसानों को मनमाफिक खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को नगर के क्रय विक्रय समिति व पीसीएफ केंद्र में खाद बंटने की खबर फैलते ही दर्जनों किसानों ने मंगलवार की रात ही समितियों में पहुंच डेरा डाल लिया और तड़के से ही समितियों में किसानों की लाइन लगना शुरू हो गई। दस बजते बजते यह लाइनें लंबी होती चली गई। खाद वितरण की खिड़की खुलते ही किसानों में धक्का मुक्की शुरू हो गई। यहां तैनात पुलिस ने खासी मशक्कत कर किसानों को लाइन में लगवाकर किसी तरह खाद वितरित कराई। खाद पाने के चक्कर में महिला किसानों को भी धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा। क्रय विक्रय समिति व पीसीएफ खरीद केंद्र में दो बोरी खाद प्रति किसान वितरित की गई। बुधवार को दोनों समितियां में छः छः सौ बोरी खाद वितरित की गई जो किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। सरकारी समितियों में खाद का टोटा होने के चलते किसान मजबूरन बाजार से महंगे दामों में खाद लेकर अपनी फसल बोने को मजबूर है।

# सहायक अभियंता ने मौके में पहुंच किसानों को किया आश्वस्त, 12 नवंबर से मिलेगा पानी

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच की साफ सफाई में हो रही धांधली की शिकायत की खबर प्रकाशित होने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे मौदहा बांध के सहायक अभियंता ने 12 नवंबर से पानी छोड़ने का आश्वासन शिकायतकर्ता के साथ किसानों को देकर आश्वस्त किया है कि साफ सफाई के कार्य में किसी तरह की धांधली नहीं होने दी जाएगी। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष पूर्व प्रधान बण्डा संजय सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर सुमेरपुर ब्रांच की साफ सफाई के कार्य में धांधली का आरोप लगाया था। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर के प्रकाशित होते ही मौदहा बांध के सहायक अभियंता यशवीर सिंह बुधवार को बण्डा गांव पहुंचे और साफ सफाई के कार्य का अवलोकन करने के उपरांत शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर आश्वस्त किया है कि साफ सफाई में किसी तरह की धांधली नहीं होगी और पलेवा के लिए जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए रोस्टर के अनुसार किसानों को 12 नवंबर से पानी दिया जाएगा। किसानों के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पलेवा के लिए सभी को भरपूर पानी मिलेगा।

# बुखार से ग्रसित बाइक मिस्त्री की मेडिकल कॉलेज में मौत

अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर। पिछले एक सप्ताह से बुखार से ग्रसित युवक तड़के घर पर ही बेहोश होकर गिर गया। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा लेकर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बाइक मिस्त्री था और इससे ही परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री के साथ मां-बाप को रोता बिलखता छोड़ गया है। बिदोखर पुरई निवासी कालका प्रसाद 37 वर्ष पुत्र बरदानी उर्फ चिलाहड़ी साहू को गत 29 अक्टूबर से बुखार आ रहा था। इसकी छानी में बाइक एवं साइकिल मरम्मत की दुकान है। इसने छानी सहित गांव में डॉक्टरों से बुखार का उपचार कराया लेकिन आराम नहीं मिला। बुधवार को तड़के 4 बजे वह घर पर ही बेहोश होकर गिर गया। इसको परिजन आनन फानन निजी साधन से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा लेकर पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक दो भाई दो बहनों में छोटा था। सभी की शादियां हो चुकी हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी पूजा, पुत्री ईशी 7 वर्ष, पुत्र हिमांशु 5 वर्ष के साथ माता-पिता, भाई, बहनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# रिमझिम इस्पात में हुये हादसे में घायल मजदूर के परिजनों ने काटा हंगामा

**फैक्ट्री गेट पर पंहुचकर हंगामा शुरू करने से मचा हडकंप**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। गत नौ अक्टूबर को सुमेरपुर कस्बे की रिमझिम इस्पात फैक्ट्री में काम करते समय एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए फैक्ट्री कर्मी के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने बुधवार की सुबह फैक्ट्री गेट पर अन्य मजदूरों के साथ जमकर हंगामा काटा। जिससे वहां हडकंप मच गया। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने जान बचाने के लिए पैर काटने की सलाह दी है। फैक्ट्री प्रबंधन उपचार कराने में आनाकानी कर रहा है।

बिहार प्रांत के भमुआ जनपद के रोहुआ गांव निवासी देवनारायण यादव 50 वर्ष सुमेरपुर कस्बे की रिमझिम इस्पात फैक्ट्री में गैस कटर के पद पर कार्य करता है। उसका परिवार कस्बे में ही किराए के मकान मे रहता है। घायल मजदूर की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि गत नौ अक्टूबर को काम करते समय पति के बाएं पैर में गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें उपचार के लिए कानपुर के हैलट में भर्ती कराया गया। घटना हुये करीब एक माह होने वाला है लेकिन उपचार कराए जाने में फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही से अब पैर कटने की नौबत आ गई है। डॉक्टरों का कहना है कि अगर पैर नहीं काटा गया तो इंफेक्शन पूरे शरीर में फैल जाएगा जिससे जान जाने का खतरा है।

इससे आक्रोशित होकर बुधवार को मंजू देवी अपने दोनों पुत्रों रोशन यादव व राहुल यादव सहित फैक्ट्री गेट पर पहुंच गई और साथी मजदूरों को भी पूरी घटना से अवगत कराया। जिसके बाद फैक्ट्री के मजदूरों में भी प्रबंधन के प्रति रोष व्याप्त हो गया। मजदूरों का साथ पाकर मंजू देवी ने गेट पर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंध तंत्र से इलाज का खर्चा उठाने और दिव्यांग होने की स्थिति में परिवार की मदद की गुहार लगाई है। फैक्ट्री मैनेजर मनोज गुप्ता का कहना है कि परिजनों का आरोप निराधार है।इलाज में कोई कोताही नहीं बरती गई है। डॉक्टर की सलाह पर उपचार किया जा रहा है।

# शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सुदृढ़ व गुणवत्तापूर्ण बनाने पर मंथन

**स्वास्थ्य विभाग व द चैलेंज इनिशिएटिव-पीएसआई इंडिया के सहयोग से बैठक आयोजित**

**निजी अस्पतालों की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया भाग**

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संयुक्त प्रयास से शहरी क्षेत्र में परिवार कल्याण समेत अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सुदृढ़ व गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में द चैलेंज इनिशिएटिव (टीसीआई) व पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से स्थानीय एक निजी होटल में बैठक हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में शहरी क्षेत्र में परिवार कल्याण कार्यक्रमों व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में निजी अस्पतालों और निजी चिकित्सकों की अहम भूमिका पर चर्चा हुई। बैठक में जनपद के 25 निजी अस्पतालों से 23 प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी (फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया) गाजियाबाद की उपाध्यक्ष डॉ. मनीषा अग्रवाल, एसीएमओ (आरसीएच) डॉ. अमित विक्रम भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद के नगरीय निजी क्षेत्र की हेपेटाइटिस, नियमित टीकाकरण, मातृ शिशु स्वास्थ्य की रिपोर्टिंग स्थिति और जन्म खुराक की रिपोर्टिंग साझा की और उसमें सुधार का सन्देश दिया। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य संकेतकों की रिपोर्ट हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर समय से साझा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक उपस्थित चिकित्सकों से कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने के लिए निजी सेवा प्रदाताओं की अधिक भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को पोर्टल या सीएमओ कार्यालय में आंकड़े साझा करते समय एक बार उसकी समीक्षा जरूर करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन (बास्केट ऑफ च्वाइस) से सम्बन्धित आईईसी सामग्री (पोस्टर-बैनर) को निजी चिकित्सालयों में निर्धारित स्तर पर प्रदर्शित किया जाए और काउंसिलिंग के दौरान उनका इस्तेमाल किया जाए। पीएसआई इंडिया की कार्यक्रम प्रबन्धक कोमल और महाप्रबन्धक निजी क्षेत्र नवीन बंसल ने प्रसव पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि निजी अस्पतालों के उच्च प्रभावी हस्तक्षेप, प्रसवोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं से जोड़ने, क्षमता निर्माण और आंकड़ों के संग्रह पर जोर दिया जाए ताकि योजनाओं के निर्माण में उनका सही इस्तेमाल किया जा सके। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस) चार और पांच के आंकड़ों पर तुलनात्मक चर्चा भी हुई। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ. अमित विक्रम ने भी कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सही मायने में धरातल पर उतारने में निजी अस्पतालों की भागीदारी जरूरी है। स्वास्थ्य इकाई पर प्रसव पूर्व जांच के लिए आने वाली महिलाओं की काउंसिलिंग बेहतर तरीके से करने का सुझाव भी दिया। डॉ. मनीषा अग्रवाल ने निजी सेवा प्रदाताओं से कहा कि वह स्वास्थ्य विभाग की अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने की कोशिश करें ताकि जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय तक आसानी से पहुँचाया जा सके। उन्होंने पीएसआई इंडिया द्वारा प्रदान की गई आईईसी सामग्री और परिवार नियोजन रिकॉर्ड रजिस्टरों की भी सराहना की और कहा कि आईईसी परामर्श उद्देश्य के लिए बहुत उपयोगी है और रजिस्टर रिकॉर्ड को केंद्रीकृत रखने के लिए उपयोगी हैं। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अनुराग भारती ने स्वास्थ्य सेवाओं के संकेतकों- नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवाओं विशेष रूप से प्रसवोत्तर और गर्भपात के बाद, मातृ स्वास्थ्य, प्रसव पूर्व जांच, एमटीपी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, यूविन पोर्टल आदि की नियमित रिपोर्टिंग की सलाह दी। एचएमआईएस की रिपोर्टिंग स्थिति को भी साझा किया। बैठक में एचएमआईएस ऑपरेटर, मातृ सलाहकार, सहायक शोध अधिकारी, सीएमओ कार्यालय के कर्मचारी आदि भी उपस्थित रहे।

# ग्राम नुनसाई में स्वास्थ्य शिविर एवं नारी शक्ति गौरव उत्सव का आयोजन आज

**अमन लेखनी समाचार**

उरई। जनपद की अग्रणी सामाजिक संस्था अनुरागिनी के सेवा सप्ताह के अंतर्गत जनपद जालौन के डकोर ग्राम नुनसाई में "स्वास्थ्य शिविर एवं नारी शक्ति गौरव उत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2024 को प्रातः11:00 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती अनुपमा लोधी उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी, जालौन की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। संस्था के कार्यक्रम समन्वयक नितिन सैनी ने जानकारी दी कि अनुरागिनी संस्था के 28 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्था ने पिछले 28 वर्षों से समाज उत्थान के लिए निस्वार्थ सेवा का कार्य किया है, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में। सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित इस उत्सव का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और ग्रामीण महिलाओं की शक्ति एवं योगदान को सम्मानित करना है। इस शिविर में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और आवश्यक चिकित्सा परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नारी शक्ति गौरव उत्सव के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता और सशक्तिकरण के प्रयासों में मील का पत्थर साबित होगा। सभी स्थानीय नागरिकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

# थानाध्यक्ष विंढमगंज ने थानाक्षेत्र के सभी छठ घाटों का लिया जायजा

**अमन लेखनी समाचार**

विंढमगंज/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने आज अपने थाना क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया और लोगो से सावधानी व शांति पूर्वक त्योहार मनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि छोटे बचो को गहरा पानी मे जाने से रोके और पटाखों से भी दूरी बनाने का अपील किया जिससे किसी प्रकार की अनहोनी न हो। आयोजन समिति के सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अपना वालंटियर लगा कर पूरे परिक्षेत्र पर नजर बनाए रखे। अगर कोई अशांति व अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को तुरंत दे। सभी छठ घाटो पर पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे।

# छठ पर्व की तैयारी का डीएम एसपी ने लिया जायजा

## साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था समुचित रखने के दिये निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में छठ पर्व की तैयारी का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ तपोभूमि के गायत्री गंगा घाट पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित बैठने आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने संयुक्त रूप से छठ पूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सुमेरपुर कस्बे के तपोभूमि पर स्थित गायत्री गंगा घाट का निरीक्षण किया।



उन्होंने घाट पर बेहतर साफ सफाई, मोबाइल टायलेट एवं अच्छे से चूना छिड़काव कराए जाने, प्रकाश व्यवस्था, ठंड से बचाव के लिए आग जलाने की व्यवस्था के निर्देश अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य को दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पर्व पर विशेष व्यवस्था रखी जाय। पूजा करने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण रखी जाए। घाट की बेहतर ढंग से सफाई कराकर सुंदरीकरण कराया जाय। सुरक्षा के लिए पुलिस बल व पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था रखी जाए। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खरना के साथ शुरू हुआ 36 घण्टे का निर्जला व्रत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। छठ पर्व के पवित्र अवसर पर खरना पूजा की धूम आज चारों ओर छाई रही। इस अवसर पर व्रतधारी महिलाओं और पुरुषों ने पूरे विधि-विधान से खरना का अनुष्ठान किया। बुधवार को संध्या समय में व्रतियों ने गंगा जल या स्वच्छ जल से स्नान कर पवित्रता के साथ पूजा की तैयारियां की।कृष्णकांत सिंह, राजन चौबे, संतोष कुमार आदि ने बताया कि खरना पूजा में गुड़ और चावल से बना प्रसाद विशेष महत्व रखता है। जिसे व्रतधारी पूरे मनोयोग से बनाते और फिर ग्रहण करते हैं। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं। इसके साथ ही छठ पर्व के मुख्य अनुष्ठानों का आरंभ हो गया है। जिसमें सूर्य देवता की आराधना का विशेष महत्व है। बताया कि गुरुवार को डूबते हुए सूर्य का अर्ध्य दिया जाएगा।

# पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड के दो अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मुठभेड के दौरान पैर में गोली लगने से एक अभियुक्त घायल, अस्पताल में भर्ती**

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर। पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड के नामजद फरार दो अभियुक्तों को पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक आरोपी मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अभी भी दो अभियुक्त फरार है जिनकी पुलिस टीमें सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड में नामजद नौ अभियुक्तों में से अब तक सात अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसमें पांच आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि चार आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर थे । जिनमें से देर रात पुलिस ने दो अभियुक्तों अनुराग तिवारी व आलोक तिवारी को एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार पुलिस मुठभेड़ में चली गोली से एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्त में अनुराग तिवारी व आलोक तिवारी शामिल है ।

पुलिस के अनुसार मालवा थाना क्षेत्र के वहीदापुर गांव के समीप पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक कार में दिलीप सैनी हत्याकांड के फरार आरोपी भाग रहे थे। कार सवार लोगों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपियों ने पुलिस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस भी बचाव में फायरिंग करने लगी । पत्रकार के हत्यारों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में अनुराग तिवारी के पैर में गोली लगी। जबकि आलोक तिवारी ने असलहा फेंककर सरेंडर कर दिया । पुलिस ने बताया कि हथियारों के पास से हत्या में प्रयोग किए गए चाकू व कुछ नगदी असला व जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## 200 करोड़ के करीब पहुंची 'भूल भुलैया 3'

**मुंबई।** भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'भूल भुलैया 3' इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है। यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर इसकी ताबड़तोड़ कमाई जारी है। देश के साथ-साथ यह फिल्म विदेशों में भी अच्छे नोट छाप रही है। वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो यह 200 करोड़ क्लब के करीब पहुंच चुकी है। भूल भुलैया ने पहले दिन शुक्रवार को 35.5 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली। दूसरे दिन शनिवार को 37 करोड़ और तीसरे दिन रविवार को 33.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। करीब 150 करोड़ रुपए के बजट में बनी भूल भुलैया 3 ने कल मंडे टेस्ट भी अच्छे नंबरों से पास कर लिया है।

लाइफ Style

# जैकलीन

## कमजोरों की मदद के लिए आईं आगे



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने यूट्यूबर 'मिस्टर बीस्ट' के साथ मिलकर उनके चैरिटेबल ट्रस्ट 'बीस्ट फिलैंथ्रोपी' को सहयोग दिया है। 'मिस्टर बीस्ट, जिन्हें जेम्स स्टीफन जिमी डोनाल्डसन के नाम से भी जाना जाता है। इनके यूट्यूब पर 320 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

'मिस्टर बीस्ट' ने अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की मदद से सामुदायिक सेवा अभियानों के जरिए लाखों डॉलर जुटाने में मदद की है। अपनी पहल के तहत बीस्ट फिलैंथ्रोपी भारत में ने कमजोर महिलाओं और बच्चों के लिए काम करने वाले भारतीय एनजीओ उदयन केयर के साथ भागीदारी करता है। बच्चों को मेंटर मुहैया कराने की दिशा में एनजीओ के प्रयासों के तहत जैकलीन ने दिल्ली का दौरा किया। अभिनेत्री उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की एक युवा डिजाइनर शीतल की ड्रेस से प्रभावित हुईं, जिसे शीतल ने दिग्गज डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन से प्रेरित होकर बनाया था। इस ड्रेस को पहनने के दौरान जैकलीन ने कहा, 'आपने मुझे वाकई बहुत अच्छा महसूस कराया। इसे पहनने से बहुत शक्तिशाली महसूस होता है।' इस ड्रेस को तीन महीने के भीतर तैयार किया गया है। इस शानदार ड्रेस की नीलामी बीस्ट फिलैंथ्रोपी वेबसाइट पर की जाएगी, जिससे होने वाली कमाई उदयन केयर के मिशन में लगाई जाएगी। अभिनेत्री ने नए सहयोग के बारे में बात करते हुए कहा, 'शीतल से मिलना प्रेरणादायक था। हालांकि, इससे मुझे यह भी एहसास हुआ कि कई युवा लड़कियों को अभी भी महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

## हॉलीवुड मसाला




### फिर जमेगी रयान-ह्यू की जोड़ी...

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन साथ नजर आए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। इस एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर इन दोनों सितारों के फैंस खुश हो जाएंगे। दरअसल, रयान रेनॉल्ड्स एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें वे अपने 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' फिल्म के सह-अभिनेता ह्यू जैकमैन और निर्देशक शॉन लेवी के साथ काम करेंगे। यह मार्वल्स की फिल्म नहीं है। खुद रेनॉल्ड्स ने कहा है कि एमसीयू से इस फिल्म का कोई लेना-देना नहीं है।




### 'अच्छी कहानी सुनना पसंद करते हैं दर्शक'

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड निर्माता-निर्देशक टॉम हैंक्स का मानना है कि अब लोग सुपरहीरो और वीएफएक्स तमाशे को देखने की बयाज इसकी अच्छी कहानी पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। दर्शक जानना चाहते हैं कि आखिरकार, कहानी में क्या खास है और इसकी थीम क्या है। आखिरकार पूरी फिल्म की कहानी क्या है। टॉम हैंक्स का कहना है कि अब फिल्म देखने वाले लोग सुपरहीरो और वीएफएक्स तमाशे से ज्यादा अच्छी कहानी सुनना पसंद करते हैं। टॉम ने कहा, 'हमारे पास सुपरहीरो को एक्सप्लोर करने के लिए 20 साल थे। अब हम ऐसी जगह पर हैं, जहां लोग सवाल करते हैं कि आखिरकार फिल्म की कहानी क्या है। इसकी थीम क्या है और आखिरकार इस फिल्म को बनाने का मकसद क्या है।' टॉम हैंक्स अभिनेता, निर्माता, लेखक और निर्देशक हैं।



## गर्ल गैंग के साथ मनाई पायजामा पार्टी

**मुंबई।** खुशी कपूर जो मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की बहन हैं। हमेशा ही सादगी में रहना पसंद करती हैं। हाल ही में खुशी ने अपना 24वां जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने अपनी बहन शनाया कपूर, आलिया कश्यप, अंजिनी धवन और अन्य दोस्तों सहित अपनी गर्ल गैंग के साथ एक मजेदार पायजामा पार्टी का आयोजन किया और उसका आनंद उठाया। खुशी के जन्मदिन के जश्न में उनके कथित बॉयफ्रेंड वेदांग रैना भी शामिल हुए, तस्वीरों में खुशी के साथ उनके पिता बोनी कपूर भी नजर आ रहे हैं। खुशी कपूर ने पायजामा पार्टी से कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'चैप्टर 24 मेरे पसंदीदा लोग एक चौंकाने वाले उत्सव में'। तस्वीरों में खुशी कपूर अपनी गर्ल स्क्वाड के साथ पोज देती नजर आ रही हैं।




## अजय की 'आजाद' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' का आधिकारिक टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में घोड़े की वफादारी और बहादुरी पर केंद्रित कहानी देखने को मिलेगी। इस फिल्म से राशा थडानी और अमन देवगन डेब्यू कर रहे हैं। 'आजाद' को जनवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। टीजर में अजय को अंग्रेजों से लोहा लेते हुए देखा जा रहा है। कई दृश्यों में वह खतरनाक एक्शन करते हुए भी नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में यह कहते हुए सुनाई पड़ता है, 'हल्दीघाटी में उस दिन एक तरफ महाराणा प्रताप की लगभग 8-9 हजार की फौज थी, तो दूसरी तरफ 40 हजार फौजी थे, लेकिन जो सबसे खास घोड़ा था वो खुद महाराणा प्रताप के पास था, हाथी जितना ऊंचा, मोर सी गर्दन, बिजली सी चाल, जब छलांग मारे तो पूरी घाटी लांघ के पार कर जाए।'

## टीवी मसाला



### रजत ने खोया आपा, अविनाश से कर बैठे हाथापाई...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 18' के घरवालों का पारा हर दिन चढ़ता जा रहा है और कंटेस्टेंट्स हर गुजरते दिन के साथ एक-दूसरे के साथ भिड़ते जा रहे हैं। एक-दूसरे बहस और झगड़ा कर रहे हैं। 'बिग बॉस 18' के अपकमिंग एपिसोड में रजत और टाइम गॉड विवियन डीसेना के बीच बहस में अविनाश मिश्रा कूद पड़ते हैं, जिसके बाद रजत दलाल, अविनाश मिश्रा पर अपना आपा खोते हुए दिखाई देते है। शो के लेटेस्ट प्रोमो में रजत और अविनाश एक भयंकर लड़ाई में उलझे हुए दिखाई देते हैं और उन्हें ईशा सिंह, दिग्विजय सिंह राठी और अरफीन खान रोकते हैं। लड़ाई तब शुरू होती है जब विवियन, रजत से पूछते हैं कि जेल में रहने के दौरान उन्होंने सभी घरवालों के बीच बराबर खाना क्यों नहीं बांटा। रजत को विवियन से खुद के लिए बोलने के लिए कहते हुए सुना जाता है, जिसके बाद एक्टर यह कहते हुए पलटवार करते हैं कि उन्हें लोगों को सिर्फ बोलने से ज्यादा सबक सिखाना पसंद है। अविनाश फिर कहते हैं कि रजत उनसे डरता है और दोनों के बीच हाथापाई हो जाती है। दिग्विजय, अरफीन और ईशा झगड़े को रोकने के लिए बीच-बचाव करने की कोशिश करते हैं। ईशा फर्श पर गिर जाती है और उन्हें चोट लगती है।

### पौद्दार परिवार को मिलेगी बुरी खबर, अभिरा को हड़बड़ी में हॉस्पिटल लेकर जाएगा अरमान

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में नया मोड़ आएगा। गुरुवार के दिन टेलीकास्ट होने वाले एपिसोड में अरमान हड़बड़ी में अभिरा को हॉस्पिटल ले जाते नजर आएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में लीप आएगा। ये लीप कुछ महीनों का ही होगा। लीप के बाद अभिरा और रूही का बेबी बंप दिखाया जाएगा। एक तरफ, पौद्दार हाउस में अभिरा और रूही की गोदभराई की रस्म होगी। दूसरी तरफ, पंडित जी, दादी-सा और विद्या को बुरी खबर देंगे। पंडितजी भविष्यवाणी करेंगे कि पौद्दार हाउस में दो नहीं, सिर्फ एक बच्चा आएगा। पंडितजी भविष्यवाणी सुन दादी-सा और विद्या घबरा जाएंगे। सामने आए प्रोमो में दादी-सा और विद्या, रूही और अभिरा के पैरों के निशान लेते नजर आते हैं। वे दोनों के पैरों के निशान पंडित जी को दिखाते हैं। दादी-सा, पंडिज जी से कहती हैं, 'ये हमारी दोनों बहुओं के पांव के निशान हैं।



## कभी इडली बेचने की मिली थी सलाह
## हीरोइन साथ काम करने के लिए कर देती थीं मना

**नई दिल्ली।** इस फोटो में दिख रहे बच्चे की आज बॉलीवुड में धमक है। हर किसी के लिए इसका नाम ही काफी है। देश के हर कोने में इसकी अलग ही फैन फॉलोइंग है। लेकिन शुरुआत में अपनी पहचान बनाने के लिए इसे बड़े ही स्ट्रगल करने पड़े। एक समय तो ऐसा भी था, जब इस हीरो के साथ काम करने के लिए कोई हीरोइन ही राजी नहीं होती थीं। उन्हें फिल्में छोड़ खाना बेचने तक की सलाह मिलती, लेकिन बिना टूटे और बिना हारे इस लड़के ने मेहनत जारी रखी और आज सालाना कमाई 100 करोड़ रुपए है। ये कोई और नहीं बल्कि अन्ना नाम से मशहूर सुनील शेट्टी हैं। सामान्य से दिखने वाले सुनील शेट्टी ने अपने टैलेंट के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है कि आज उनकी गिनती हिंदी सिनेमा के टॉप मोस्ट स्टार्स में होती है।



### जबरदस्त फिल्मी करियर के बाद ओटीटी में दी दस्तक

सुनील शेट्टी की सोलो फिल्में भले ही ज्यादा हिट न रही हों, लेकिन कई बड़ी फिल्मों में उनकी एक्टिंग का जलवा देखने को मिला है। आजकल ओटीटी पर उनकी दूसरी पारी की शुरुआत चल रही है। हाल ही में आई 'धारावी बैंक' वेब सीरीज में उन्हें देखा गया था. उनका किरदार दर्शकों को एक बार फिर पसंद आया है।

### घर लौट जाने तक को कह दिया था

अन्ना यानी सुनील शेट्टी के लिए बॉलीवुड में अपनी जगह बना पाना बिल्कुल भी आसान नहीं था। शुरू-शुरू में उनकी एक्टिंग स्किल्स देखकर उन्हें सलाह देने वालों की लाइन सी लगी रहती थी। एक राइटर और फिल्म क्रिटिक ने तो उन्हें वापस घर लौट जाने तक को कह दिया था। एक इंटरव्यू में खुद सुनील शेट्टी ने इसका खुलासा किया और बताया कि उस क्रिटिक ने कहा था कि उन्हें इडली बेचने के लिए वापस जाना चाहिए। फिल्में उनके बस की बात नहीं हैं।

## 'आई वांट टू टॉक' का इमोशनल ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म 'आई वांट टू टॉक' का मंगलवार 5 नवंबर को ट्रेलर रिलीज किया गया। इस फिल्म में अभिषेक ने अर्जुन का किरदार निभाया है, जो अपनी साधारण जिंदगी में एक्स्ट्राऑर्डिनरी चैलेंज फेस करता है। 'आई वांट टू टॉक' का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है। 'आई वांट टू टॉक' 22 नवंबर को रिलीज के लिए तैयार है। 'आई वांट टू टॉक' का ट्रेलर का ट्रेलर एक बीमार बाप (अभिषेक बच्चन-अर्जुन) और खुले विचार वाली बेटी (मिनी) के इर्द-गिर्द घूमती है। अभिषेक एक स्पाइनल बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास वक्त बहुत कम है। वहीं, वह अपनी बीमारी के बीच अपनी बेटी की देख-रेख करते हैं। इस बाप-बेटी की इमोशनल कहानी का ट्रेलर साझा करते हुए अभिषेक ने लिखा, 'जो सामान्य जीवन की तलाश में असाधारण चुनौतियों का सामना करता है'। इसके आगे अभिषेक ने लिखा, I want to talk 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





### 'अफसाना' से करियर की थीं शुरुआत, फिर अचानक सब कैसे हो गया बर्बाद

## खड़ा किया ऐसा प्रोडक्शन हाउस जिसने सिनेमा को दीं हिट फिल्में

*नई दिल्ली। बलदेव राज चोपड़ा, सिनेमा की ऐसी शख्सियत जिन्होंने कई लोकप्रिय फिल्मों की सौगात दी। और इससे भी बढ़कर छोटे परदे की दुनिया में 'महाभारत' जैसा धारावाहिक रच दिया। बी.आर. चोपड़ा का जन्म 22 अप्रैल 1914 को तत्कालीन पंजाब के लुधियाना हुआ था। लाहौर यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद 1944 से बी आर चोपड़ा मासिक पत्रिका सिने हेराल्ड से जुड़ गए। उन्होंने फिल्म 'अफसाना' से अपने करियर की शुरुआत की। साल 1955 में बलदेव राज चोपड़ा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हॉउस बीआर फिल्म्स शुरू किया। कई सफल फिल्में देने के बाद यह प्रोडक्शन हाउस बर्बादी की कगार पर आ गया।*

### साहित्यिक चोरी का लगा आरोप

कॉमेडी फिल्म बंदा ये बिंदास है में गोविंदा, तब्बू, लारा दत्ता और बोमन ईरानी जैसे सितारे लिए गए। हॉलीवुड से कंटेंट लेकर बॉलीवुड फिल्मों में इस्तेमाल करने का चलन रहा। लेकिन, इस फिल्म फिल्म की मेकिंग के दौरान ऐसा करना भारी पड़ गया। इस फिल्म के निर्देशन का जिम्मा रवि चोपड़ा ने संभाला। ऐसा पहली बार हुआ कि उन पर केस हो गया। केस में पैनल्टी इतनी ज्यादा लगी कि इसके चक्कर में बीआर फिल्म्स बर्बाद हो गया। प्रोडक्शन हाउस पर छाए मुसीबतों के बादलों को छांटते हुए रवि चोपड़ा का साल 2014 में निधन हो गया। उनके बाकी दो बच्चे भी अब गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं। 'बंदा ये बिंदास है' को लेकर 20वीं सेंचुरी फॉक्स ने निर्माता बीआर फिल्म्स के खिलाफ साहित्यिक चोरी का मुकदमा किया था। केस में आरोप लगाया गाय कि उनकी 1992 में आई फिल्म 'माई कजिन विन्नी' की नकल करके 'बंदा ये बिंदास है' बनाई गई है। इस चक्कर में फिल्म भी ठंडे बस्ते में चली गई।



### शाहरुख आए मदद का हाथ बढ़ाने

डूब चुके बीआर फिल्म्स की मदद शाहरुख खान ने करनी चाही। उन्होंने साल 2017 में फिल्म 'इत्तेफाक बनाई। यह फिल्म बीआर चोपड़ा द्वारा निर्मित 1969 में आई फिल्म 'इत्तेफाक' का रीमेक थी। इसका निर्देशन बीआर चोपड़ा के पोते अभय चोपड़ा ने किया। फिल्म में अक्षय खन्ना, सिद्धार्थ मल्होत्रा और सोनाक्षी सिन्हा ने काम किया। शाहरुख खान मदद करने भले आए, लेकिन कहा जाता है कि इसके राइट्स शाहरुख खान के पास थे। इसे बीआर फिल्म्स के अलावा शाहरुख खान के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया।

### महाभारत का कनेक्शन?

ऐसा कहा जाता है और माना जाता है कि 'महाभारत' को घर में नहीं रखना चाहिए। इससे नकारात्मकता आती है। बीआर चोपड़ा ने 'महाभारत' धारावाहिक का निर्माण किया। यह धारावाहिक खूब लोकप्रिय हुआ और आज भी इसे लोग देखना पसंद करते हैं। कहा जाता है कि दूरदर्शन पर जब ये सीरियल आता था तो सड़कें सूनी हो जाया करती थीं। लेकिन, इस धारावाहिक के बाद बीआर फिल्म्स भी सूना सा हो गया। 'महाभारत' के बाद यह सर्वाइव नहीं कर सका। कहा यह भी गया है कि 'महाभारत' पर जिसने भी फिल्म या सीरियल बनाए, उनके साथ कुछ न कुछ अड़चनें आईं। एक उदाहरण बीआर फिल्म्स को भी माना जाता है।

### कुछ शर्तें, जो पसंद न आईं

बेशक बीआर चोपड़ा की फिल्में सिनेमा की दुनिया में सफलता की नई इबारत लिख रही थीं। लेकिन, कहा जाता है कि फिल्मों की ये सफलता कहीं न कहीं उनमें घमंड ला रही थीं। कहा जाता है कि 'नया दौर' के वक्त वे पूरी टीम के साथ एक कॉन्ट्रेक्ट साइन करना चाहते थे। इसके तहत वे सभी किसी और प्रोडक्शन हाउस के साथ काम नहीं कर सकते थे। यह प्रस्ताव लेकर बीआर चोपड़, रफी साहब के पास गए लेकिन रफी को बात समझ नहीं आई। उन्होंने बड़े सम्मान के साथ कहा कि वे जनता की आवाज हैं और वे हर निर्माता निर्देशक के लिए काम करेंगे। बस, यह बात चोपड़ा साहब को अखर गई और उन्होंने अपनी फिल्मों में रफी को ना लेने का निर्णय लिया। शायद इस तरीके ने भी कहीं न कहीं नेगेटिव प्रभाव छोड़ा।